सोमवार, 2 जून 2025

मौसम

तापमान 27 – 38
आर्द्रता 70%
सूर्योदय: 4:52 सूर्यास्त: 18:17

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : पैसो की तंगी से लोग सिर्फ पढ़ाई छोड़ते है, दारु, बीड़ी, सिगरेट तो कर्ज लेकर भी पीते है।



पंजाब किंग्स ने मुंबई को पांच विकेट से हराया, फाइनल में बनाई जगह

–पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर रहीं हैं : अमित शाह

## गृह मंत्री ने मुर्शिदाबाद हिंसा को बताया 'राज्य प्रायोजित'

- गृह मंत्री का ममता को चुनौती... 'बिना हिंसा चुनाव करवाओ, जमानत जब्त हो जाएगी'
- कहा... 'बंगाल में दीदी का समय अब खत्म हो गया हैं, भाजपा 2026 में सरकार बनाएगी'



**कोलकाता, समाज्ञा :** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे 'राज्य प्रायोजित' थे। इस दिन, नेताजी इंडोर स्टेडियम में शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में ममता बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं–बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा कि 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। भाजपा नेता ने दावा किया कि जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे। शाह ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया। शाह ने कहा कि आज ममता दीदी ने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध कर रही हैं। गृह मंत्री ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर सीमा पार से अवैध आवाजाही को सुविधाजनक बनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल राज्य का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह देश की सुरक्षा से भी जुड़ा है। ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के लिए बंगाल की सीमाएं खुली छोड़ दी हैं। उनके आशीर्वाद से घुसपैठ हो रही है। इसे केवल भाजपा सरकार ही रोक सकती है। घुसपैठ रोकने में बीएसएफ की 'विफलता' की तृणमूल की आलोचना का जवाब देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने बीएसएफ को जरूरी जमीन नहीं दी है। उन्होंने कहा कि एक बार तृणमूल सरकार बीएसएफ को जरूरी जमीन दे दे, तो हम घुसपैठ रोक देंगे। शाह ने दावा किया कि लेकिन, बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी कभी भी बीएसएफ को जमीन नहीं देगी, क्योंकि वह चाहती है कि घुसपैठ जारी रहे ताकि वह सत्ता में बनी रहे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में ममता जब मंत्री थीं, तब भी आतंकी हमलों से सख्ती से निपटने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा पार आतंकी ठिकानों को नष्ट करके आतंकी हमलों के खिलाफ कड़े कदम उठाए। लेकिन ममता दीदी को इससे दिक्कत है। शाह ने आरोप लगाया कि अपने वोट बैंक की खातिर ममता दीदी ने निचले स्तर पर जाने की सारी हदें पार कर दी हैं। कुछ दिन पहले पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों को उनका धर्म पूछकर उनके परिवारों के सामने ही मार डाला। उन्होंने कहा कि इन आतंकियों को सजा देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया गया। हालांकि, ममता दीदी को इन आतंकियों की मौत पर दुख हुआ। उन्होंने तुच्छ राजनीतिक बयान जारी कर ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत केंद्र सरकार ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर तक हमला किया। शाह ने कहा कि कई आतंकवादी मारे गए, लेकिन इससे ममता जी को परेशानी हो रही है। ऐसा करके आप न केवल अभियान का विरोध कर रही हैं, बल्कि हमारे देश की महिलाओं की भावनाओं का भी अनादर कर रही हैं। पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि जब हमले में बंगाल के पर्यटक मारे गए, तो ममता दीदी चुप रहीं, लेकिन अब उन्हें ऑपरेशन सिंदूर से परेशानी हो रही है। गृह मंत्री ने शिक्षक भर्ती 'घोटाले' को लेकर भी राज्य सरकार पर तीखा हमला किया और कहा कि कोलकाता के बाजारों में युवाओं की नौकरियां बेची जा रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के घरों से पार्टी का इतना पैसा जब्त किया गया है कि मशीनें भी नोट गिनते–गिनते थक गईं। अब यह सब बंद होना चाहिए।

## पाकिस्तान के साथ अगली बातचीत पीओके को वापस लेने पर होनी चाहिए: अभिषेक बनर्जी



**कुआलालंपुर :** मलेशिया की यात्रा पर गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ अगली बातचीत केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने पर होनी चाहिए। कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में बनर्जी ने कहा, ''विभिन्न सरकारों के बदलने के बावजूद हम दशकों से उनके (पाकिस्तान के) साथ बातचीत कर रहे हैं। लेकिन एक चीज बरकरार है – पाकिस्तान के साथ गतिरोध।'' जद (यू) के राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल बनर्जी ने कहा, ''22 अप्रैल को जो कुछ हुआ, जिसमें 26 लोगों की सिर्फ उनके धर्म के आधार पर गोली मारकर हत्या कर दी गई...मैं चाहता हूं कि सरकार पाकिस्तान के साथ सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने के मुद्दे पर बातचीत करे। अन्यथा, ये आतंकवादी हमले जारी रहेंगे।'' भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके पर ही होगी। प्रवासी समुदाय के साथ बातचीत के दौरान, झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से अवगत कराया। सदस्यों ने प्रतिभागियों को दशकों से भारत को प्रभावित करने वाले सीमा पार आतंकवाद, विशेष रूप से पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के बारे में जानकारी दी।

## अदाणी समूह कभी भी जांच से पीछे नहीं हटा, पहले से अधिक मजबूत, अटूट: गौतम अदाणी



**यी दिल्ली :** अदाणी समूह कभी भी जांच से पीछे नहीं हटा और इसके बजाय उसने अपनी रणनीति बदली और अधिक लचीला रुख अपनाया। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी ने यह बात कही और जोड़ा कि इसके चलते अदाणी समूह अधिक मजबूत और अटूट बनकर उभरा। गौरतलब है कि अदाणी समूह ने पिछले दिनों कई बड़े अधिग्रहण किए और उसे गहन जांच का सामना करना पड़ा। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अपने मजबूत बही–खाते और मजबूत व्यावसायिक वृद्धि का हवाला देते हुए कहा कि समूह अगले पांच साल के दौरान अपने कारोबार में 15–20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। अदाणी ने समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा, ''कठोर प्रतिकूल परिस्थितियों और लगातार जांच से हम कभी पीछे नहीं हटे। इसके बजाय – हमने खुद को फिर से संतुलित किया। हमने फिर से योजना बनाई। हम पहले से अधिक दुर्जेय, अधिक अटूट, अधिक मजबूत और अधिक लचीले बन गए है।'' एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अदाणी ने कहा कि लोग अक्सर उनसे पूछते हैं कि ''अदाणी समूह ऐसा कैसे करता रहता है? हम बार–बार कैसे आगे बढ़ते हैं?'' उन्होंने आगे कहा, ''मेरा जवाब हमेशा एक ही रहता है: हमारा दृढ़ विश्वास स्पष्टता पर टिका हुआ है। हमारे उद्देश्य भारत की महत्वाकांक्षाओं के साथ जुड़े हुए हैं। हमारी ताकत उस भरोसे से आती है जो आप – हमारे शेयरधारक – हम पर रखते हैं।''

## शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनकर इतिहास रचने को तैयार



**नयी दिल्ली :** भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स–4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन–9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है। ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला लगभग चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी। एक्सिओम–4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की–विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम–4 मिशन की कमांडर होंगी। शुक्ला ने जनवरी में संवाददाता सम्मेलन में कहा था, ''मैं सूक्ष्मगुरुत्व क्षेत्र में जाने और अकेले अंतरिक्ष उड़ान का अनुभव करने के लिए सचमुच बहुत उत्साहित हूं।'' अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन तक बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। एक्स–4 अंतरिक्ष यात्री आईएसएस में अपने 14 दिवसीय प्रवास के दौरान 31 देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 60 वैज्ञानिक अध्ययन और गतिविधियां करेंगे। शुक्ला नासा के सहयोग से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के बीच सहयोग के तहत विकसित विशेष खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोगों का संचालन करने के लिए तैयार हैं।

## कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे यूपी के छात्र की छात्रावास में करंट लगने से मौत

**कोटा :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे उत्तर प्रदेश के 17 वर्षीय एक लड़के की यहां एक छात्रावास में बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में विज्ञान नगर क्षेत्र में डकनिया रोड पर घटी। उसने बताया कि उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के मानिकपुर गांव का रहने वाला आनंदवर्धन प्रताप सिंह बिजली के तार पर फंसे कपड़े निकालने का प्रयास कर रहा था। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) लोकेन्द्र पालीवाल ने बताया कि सिंह छात्रावास की बालकनी से लाठी का इस्तेमाल कर रहा था तभी उसे करंट लग गया। अधिकारी ने बताया कि उस समय सिंह के साथ मौजूद छात्रावास के तीन–चार अन्य साथी सुरक्षित बच गए, क्योंकि उन्होंने चप्पल पहन रखी थी। पुलिस ने बताया कि उसे न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिंह के माता–पिता की शिकायत के आधार पर छात्रावास के मालिक और देखभाल करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## जीएसटी संग्रह लगातार दूसरे महीने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा

**नयी दिल्ली :** सकल जीएसटी संग्रह लगातार दूसरे महीने दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से ऊपर रहा। सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मई, 2024 में यह संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये था। मई, 2025 में घरेलू लेन–देन से सकल राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये हो गया। मई, 2025 में कुल सकल जीएसटी राजस्व 2,01,050 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा।

## डांटने का मतलब किसी को आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा, ''पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं। जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली।''

## विमान ईंधन के दाम तीन प्रतिशत घटे, वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ



**नयी दिल्ली :** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है। इससे पहले एक मई को एटीएफ के दाम 4.4 प्रतिशत (3,954.38 रुपये प्रति किलोलीटर) और एक अप्रैल को 6.15 प्रतिशत (5,870.54 रुपये प्रति किलोलीटर) घटाए गए थे। रविवार की हुई इस कटौती के बाद इस साल की शुरुआत में एटीएफ कीमतों में जो वृद्धि हुई थी उसकी काफी हद तक भरपाई हो गई है। एटीएफ की कीमत में कमी से वाणिज्यिक एयरलाइन कंपनियों पर बोझ कम होगा। एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत में 40 प्रतिशत हिस्सा विमान ईंधन का बैठता है। मूल्य कटौती पर एयरलाइन कंपनियों से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 79,855.59 रुपये से घटाकर 77,602.73 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है, जबकि चेन्नई और कोलकाता में क्रमशः 86,103.25 रुपये और 86,052.57 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। पेट्रोलियम कंपनियों ने 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में भी 24 रुपये की कटौती की। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत अब राष्ट्रीय राजधानी में 1,723.50 रुपये और मुंबई में 1,647.50 रुपये प्रति सिलेंडर होगी। इससे पहले एक मई को वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 14.50 रुपये और एक अप्रैल को 41 रुपये घटाए गए थे।

## तीन वर्षों में रूस का सबसे बड़ा हमला, 472 ड्रोन दागे

- मिसाइल अटैक में 12 यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**कीव :** यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ–साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं। बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी–रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com




A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE

Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## रक्षा अनुबंधों में समय की पाबंदी जरूरी

निस्संदेह, राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी सुरक्षा उत्पादों की आपूर्ति में किसी भी लेट-लतीफी को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। खासकर ऐसे वक्त में जब देश की दो तरफ की सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियां बरकरार हैं। इसी आलोक में एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि मेरे ख्याल से एक भी परियोजना तय सीमा पर पूरी नहीं होती है। निस्संदेह, यह कथन देश की स्वदेशी उत्पादों की रक्षा तैयारियों में विलंब की प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। देश के नेताओं का स्वदेशी सुरक्षा उत्पादों की जरूरत पर बल देना निस्संदेह, सराहनीय कदम है, लेकिन सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर उनकी समय पर आपूर्ति भी सुनिश्चित करने की जरूरत है। खासकर तेजस लड़ाकू विमान व आकाश मिसाइल प्रणाली, के बावजूद लगातार होने वाली देरी परिचालन तत्परता को बाधित करती है। निस्संदेह, लेट-लतीफी की यह प्रवृत्ति आधुनिकीकरण को पटरी से भी उतार सकती है। दरअसल, यह देरी, जो अकसर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के चरण में ही स्वीकार कर ली जाती है, कालांतर प्रणालीगत जड़ता और अति-वायदे की संस्कृति को ही उजागर करती है। हमारे पड़ोसी देशों में तेजी से होते सैन्य आधुनिकीकरण और युद्ध तैयारियों में गहन तकनीक के इस्तेमाल होने के चलते, हमें इस सुस्ती की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। निर्विवाद रूप से यह महज बजट या नौकरशाही की लालफीताशाही का मामला भर नहीं है। वास्तव में यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद संवेदनशील विषय है। निस्संदेह, सरकार की ओर से घेरलू रक्षा उत्पादकता को बढ़ावा देने की पहल एक स्वागत योग्य कदम है। विगत के संकटकाल के दौरान देखने में आया है कि युद्ध व चुनौतिपूर्ण स्थितियों में हम विदेशों में अपनी जरूरत का सामान तलाशते रहे हैं। कई देशों ने मुश्किल वक्त में सामान की आपूर्ति में ना-नुकुर भी की है। कारगिल युद्ध के समय भी कुछ ऐसे अनुभव देखने में आए थे।

राजग सरकार का घेरलू रक्षा उत्पादन की तरफ बढ़ाया गया कदम निस्संदेह सराहनीय है। यह उत्साहजनक है कि हमारा घेरलू रक्षा उत्पादन कुल रक्षा जरूरतों का 65 प्रतिशत हो गया है, रक्षा निर्यात 24,000 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है। साथ ही सार्वजनिक-निजी उत्पादन का संतुलन धीरे-धीरे पक्ष में जा रहा है। वहीं आईडीईएक्स जैसी योजनाएं नवाचार को बढ़ावा दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि अब निजी क्षेत्र कुल रक्षा उत्पादन में 21 फीसदी का योगदान दे रहा है। लेकिन जब जरूरी रक्षा उत्पादों की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाती, तो यह हमारी रणनीतिक स्वायत्तता के लिये असहज स्थिति पैदा कर देती है। दरअसल, यह स्थिति इस घेरलु उद्योग की संरचनात्मक विसंगतियों को दूर करने की जरूरत बताती है। इस दिशा में ध्यान देने की महती जरूरत है कि कच्चे माल की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही शोध व अनुसंधान तथा विकास के लिये पर्याप्त आर्थिक संसाधन समय रहते उपलब्ध कराए जाएं। यह दृष्टव्य है कि देश के 6.81 लाख करोड़ रुपये के रक्षा बजट में मात्र 1.8 लाख करोड़ रुपये की राशि आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित की गई है। उसमें शोध-अनुसंधान व विकास के लिये निर्धारित राशि आधुनिकीकरण के बजट में 3.94 फीसदी ही है। निश्चित रूप से जब तक इस वित्तीय संसाधनों के संतुलन को दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक हम समय की चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। निस्संदेह, देश के रक्षा क्षेत्र के तीन सार्वजनिक उपक्रमों यानी डीपीएसयू को 'मिनी रत्न' घोषित करना स्वागत योग्य कदम है। लेकिन वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को रक्षा खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन के लिये आग्रह के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि समय सीमा में पारदर्शिता, अनुबंधों के सख्ती से क्रियान्वयन और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के प्रबंधन में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए। निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भारत के संकल्प को विलंबित नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उपक्रमों को गति देने की आवश्यकता है। इसमें लेट-लतीफी की कोई जगह नहीं हो सकती।

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा



डॉ. आशीष वशिष्ठ

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी।

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।

वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है।

वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 ज़िले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं।

नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए।

पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।

केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है।

नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस से पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा क़ि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए। जमीनी लड़ाई में जीत केवल आधी सफलता है, अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खत्म काने क़ि दिशा मे तेज़ी से बाद रही है उम्मीद है क़ि वो 2026 में समस्या के स्थायी समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ीं होगी। -राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार

# देश में जासूसी का मायाजाल



प्रमोद भार्गव

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरूआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं। ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संर्पकों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। सीमावर्ती, पठानकोट, नाथुला पास और अरुणाचल क्षेत्रों में भी जारी रही उसकी संदिग्ध गतिविधियों के प्रमाण खुफिया एजेंसियों को मिले है।

इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा है। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था। मसलन इन महिलाओं के असली नाम कुछ और हैं और ये मूल रूप में पाकिस्तानी हो सकते हैं।

इस तरह के जासूसों का जंजाल पूरे देश में फैला हुआ है। ज्योति मल्होत्रा के पहले माधुरी गुप्ता भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करते हुए पकड़ी गई थी। जबकि माधुरी गुप्ता एक भारतीय राजनयिक थी। उसकी पदस्थापना इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में सचिव के पद पर थी। माधुरी को पाकिस्तानी खुफिया एजेंट जमशेद ने हनीट्रैप में फंसाया और झूठा प्यार जताकर भारत की अनेक रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारियां हासिल कर लीं। 2010 में माधुरी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। 50 वर्षीय माधुरी 30 वर्षीय जमशेद के प्रेम-जाल में इस हद तक उलझ गई थी कि वह जमशेद से शादी के लिए अपना धर्म बदलने को भी तैयार हो गई थी। यहीं से माधुरी ने जमशेद को गोपनीय जानकारियां देना शुरू कर दीं। यानी देश के साथ एक उच्च स्तरीय महिला अधिकारी भी गद्दारी करने लग गई। बाद में भारतीय खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली कि राजनयिक माधुरी गुप्ता आईएसआई के चंगुल में है और महत्वपूर्ण जानकारियां दे रही हैं। माधुरी को एकाएक सार्क सम्मेलन के बहाने दिल्ली बुलाकर गिरफ्तार कर लिया गया। 2018 में अदालत ने माधुरी को अपने ही देश की गुप्तचर के आरोप में दोषी ठहराकर सजा सुनाई। अदालत से जमानत मिलने के बाद 2021 में एकाकी जीवन बिताते हुए उसकी मौत हो गई।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्यप्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओड़िसा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। साफ है, वे जानते थे कि वे जो कर रहे हैं, वह देशद्रोह है। इस राष्ट्रघाती काम को शायद वे



इसलिए और भी ज्यादा अच्छी तरह जानते होंगे, क्योंकि जिस पार्टी से वे सीधे जुड़े थे, वह राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने का दंभ कुछ ज्यादा ही भरती है। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता ? हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचा कर रैकेट का पर्दाफष जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी। लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा ? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। इसके अलावा आसमान में हमारे कई उपग्रह केवल देश विरोधी हरकतों पर निगाह रखने के लिए घूम रहे हैं। इस लापरवाही या नाकामयाबी से यह आशंका स्वाभाविक है कि गुप्तचर संस्थाओं की साइबर सेलों में जो सॉफ्टवेयर इंजीनियर काम कर रहे हैं, वे अपने दायित्व को ईमानदारी से नहीं निभा रहे हैं। इंटेलिजेंस का यह फेल्युर तब भी सामने आया था, जब मध्यप्रदेश में सिमी के आतंकवादियों ने पहले खंडवा जेल तोड़ी और फिर राजधानी की जेल भी तोड़कर भाग निकले थे। इन जेलों को तोड़ने की साजिश को खुफिया तंत्र को पूर्व में हवा तक नहीं लग पाई थी। खंडवा जेल से फरार होने के बाद भी ये आतंकी देश में कई वारदातें करते रहे, लेकिन पुलिस व खुफिया तंत्र पकड़ने में असफल रहे। आखिर में ओड़िसा एटीएस ने इन आतंकियों को राउलकेला से पकड़ा था।

इस पूरे नेटवर्क का मुखिया सतना का बलराम था। एटीएस ने जब इसके घर पर छापा डाला तो इसके पास से 100 से भी ज्यादा सिमें बरामद हुईं। बलराम द्वारा निजी स्तर पर जो समानांतर दूरभाश एक्सचेंज चलाया जा रहा था, उसके जरिए यह इंटरनेट कॉल को सेल्युलर कॉल में बदलकर दूसरे देशों में बैठे आतंकी सरगनाओं से बात कराने का काम करता था। इस वार्तालाप के जरिए, खासतौर से भारतीय सेना और उसके ठिकानों से जुड़ी जानकारियां भेजते थे। वहां से हवाला के मार्फत मिलने वाले धन को ये जम्मू-कश्मीर स्थित आतंकियों के पास पहुंचाते थे। यहां सवाल उन मोबाइल नेटवर्क कंपनियों पर भी उठता है, जिनकी जिम्मेबारी उपभोक्ता को सिम देने से पहले उसकी साक्ष्यों के आधार पर पहचान की जरूरत पर है ? लेकिन जिस तरह थोक में सिम मिली थीं, उससे स्पष्ट है कि कंपनियों को राष्ट्रीय सुरक्षा की परवाह नहीं है। जबकि इंदौर-पटना रेल दुर्घटना के बाद यह साफ हो गया है कि आईएसआई ने आतंकी खेल के नियम बदल दिए हैं। वह भारतीय अधोसंरचना को निशाना बनाने में लग गई है।

सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजीटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंसा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है। जिन चीनी उपकरणों का आयात करके हम चीनी अर्थव्यवस्था में जान फूंक रहे हैं, वहीं उपकरण अंतरराष्ट्रीय कॉल को स्थानीय कॉल में बदलने का मजबूत व विश्वसनीय आधार बन रहें। यहां हैरानी इस बात पर है कि भारत सरकार के जो टेलीफोन एक्सचेंज आलीशान भवनों और बहुसंख्यक अमले से भी ठीक से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें दो-चार लोग बंद कमरे में नाजायज तरीके से कैसे चलाने में सफल हो जाते हैं ? लाखों मिनट आतंकियों ने बात भारतीय उपग्रह के माध्यम से ही की होगी, फिर क्यों नहीं इन अवैधानिक टेलीफोन एक्सचेंज और बातचीत के संकेत भारत सरकार के दूरसंचार उपग्रह को मिल पाए ? साफ है यदि हमारे दूरसंचार और गुप्तचर संस्थाओं के साइबर सेल के इंजीनियर चैकन्ने होते तो ये हरकतें शुरूआती दौर में ही पकड़ ली गई होती।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो ? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। देश के रक्षा संस्थानों की हनीट्रेप के जरिए जासूसी करने के भी अनेक मामले सामने आ चुके हैं। ज्योति मल्होत्रा के माध्यम से यूट्यूब भी जासूसी के कटघरे में है। अतएव डिजीटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 जून, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष सप्तमी, 20:40 तक, नक्षत्र : मघा, 22:55 तक, योग : व्याघात, 08:18 तक, सूर्योदय: 4:52, सूर्यास्त: 18:17, चन्द्रोदय : 10:47, चन्द्रास्त: 23:47, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 06:35 से 08:15

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे मनोबल बढ़ेगा। मंगल की स्थिति आपको कर्मठ बनाएगी, लेकिन वाणी में सौम्यता बनाए रखना आवश्यक है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों का दिन शांति व संतुलन लेकर आया है। राजनीति या प्रशासन से जुड़े जातकों को उच्च स्तर पर सफलता मिल सकती है। धन के लिहाज से दिन लाभकारी है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन मानसिक रूप से कुछ विचलित रह सकता है। कीमती वस्तु खोने या चोरी होने का भय है, अतः सतर्क रहें। शुभ समाचार आर्थिक रूप से राहत देंगे।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए धन लाभ का योग बन रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी, विशेषकर जो लोग विदेश व्यापार, शिक्षा या प्रशासनिक सेवा से जुड़े हैं, उन्हें फायदा होगा।

**सिंह :** सिंह राशि के स्वामी सूर्य की शुभ स्थिति से आपके करियर में शानदार उन्नति के योग बन रहे हैं। नई योजनाएं हाथ में लें, सफलता मिलेगी। छात्रों के लिए भी आज का दिन शुभ है।

**कन्या :** आर्थिक मामलों में थोड़ी रुकावट आ सकती है, लेकिन पुराने निवेश से कुछ राहत मिलेगी। नौकरी में अस्थिरता का भाव रहेगा, परंतु नई योजना बनाकर आगे बढ़ेंगे तो लाभ होगा।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए सुख और समृद्धि में वृद्धि के योग बने हैं। घर-परिवार में प्रसन्नता बनी रहेगी, और पैसों से जुड़ी कोई पुरानी उलझन सुलझ सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों का भाग्य साथ दे रहा है। विशेष ध्यान दें। धन का व्यय अधिक रहेगा, विशेष रूप से चिकित्सा या व्यक्तिगत उपयोग में। व्यापारियों को साझेदारी में धोखा मिल सकता है।

**धनु :** धनु राशि वालों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और विरोधी भी आपकी सराहना करेंगे। शासन व सत्ता पक्ष से विशेष लाभ की संभावना है। ससुराल पक्ष से धन या सहयोग मिलेगा।

**मकर :** मकर राशि वालों का दिन पारिवारिक और आर्थिक मामलों में सफलता दिलाएगा। नई जिम्मेदारियां हाथ लगेंगी, जो आपकी दक्षता को और निखारेंगी। माता-पिता की सेवा करें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का दिन समस्याओं से घिरा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानी रह सकती है, विशेषकर सिरदर्द, उच्च रक्तचाप या आंखों से संबंधित समस्याएं, आ सकती हैं।

**मीन :** मीन राशि वालों का दिन संतान की चिंता और उनके कार्यों में व्यस्तता लेकर आएगा। करियर में कई दिनों से चली आ रही अनिश्चितता दूर होगी। धन की स्थिति ठीक रहेगी

## वर्ग पहेली नं. 3110

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| ■ | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | | ■ | 10 | | 11 |
| | ■ | ■ | 12 | | | | | ■ | |
| 13 | 14 | 15 | | ■ | | ■ | ■ | 16 | |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | | | 19 | ■ | |
| 20 | | ■ | 21 | | ■ | ■ | 22 | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | ■ | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) हवाई जहाज़, 4) सीखपूर्ण, 6) आनेवाला समय, 8) कुछ का कुछ; उलटा, 10) मनोविकारग्रस्त, 12) लाभप्रद, 13) अंतर्भाव, 16) निष्प्राण, 17) ब्याज, 18) मनमाना व्यवहार; राजसी; राजतांत्रिक, 20) प्रसिद्ध; सामान्य; एक फल, 21) ऊपर से, 22) विवश, 25) कार्यक्षेत्र; गोल घेरा, 27) छटपटाना, 28) जोड़ का.

*ऊपर से नीचे:-* 2) एक *रामायण*कालीन रामभक्त आदिवासी स्त्री, 3) आकाश, 4) चेला, 5) गंगा-यमुना का संगम, 7) विवादित, 8) बढ़ोतरी, 9) छानबीन, 10) पापहीन, 11) ज़ायक़ेदार, 14) बेगुनाह, 15) हिंदुओं के आदि धर्मग्रंथ, 18) टाट का बना बड़ा थैला जिसमें माल बाँधकर भेजा जाता है, 19) झूठा बहाना, 20) प्रेमी, 23) चालबाज़, 24) उपयोग; धंधा, 26) ढेर.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | सु | र | फु | सु | र | ■ | छाँ | ■ | क |
| ■ | ■ | च | ट | ■ | द | ■ | ट | प्प | र |
| स | ज | ना | ■ | कु | न | कु | ना | ■ | तू |
| ■ | न | ■ | वा | मा | ■ | द | ■ | भू | त |
| ग | ग | न | च | र | ■ | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ण | ■ | ना | ■ | सि | त | म | ग | र |
| पी | ना | ■ | ल | ब | रा | ■ | न | या | ■ |
| प | ■ | शा | य | द | ■ | सि | वा | ■ | फि |
| ल | ल | न | ■ | ला | श | ■ | ना | दा | र |

## सुडोकू-पहेली-3067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 6 | | | |
| 9 | 7 | | 5 | | | 6 | | |
| | | 3 | | | | 7 | | 9 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | | 4 | | | | | |
| | 8 | | 7 | | | | 2 | |
| 4 | | | | | 1 | | | |
| 7 | | | | 4 | | | 1 | |
| | | | | | | | 5 | 3 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3066 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 | 6 |
| 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 5 |

# गृह मंत्री शाह ने राजारहाट में सीएफएसएल के नए भवन का किया उद्घाटन, आधुनिकीकरण पर दिया जोर




**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मामलों को सुलझाने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका की सराहना की और कहा कि केंद्र ने देश में फोरेंसिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए 2,800 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। शाह ने कहा कि 1300 करोड़ रुपए की लागत से एनएफएसयू के नौ और परिसर बनेंगे और 860 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल और बिहार में सात नई प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कोलकाता के निकट राजारहाट में केंद्रीय न्यायलिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) के नए भवन का रविवार को उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में जटिल मामलों की जांच के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम 2080 करोड़ रूपए की फॉरेंसिक क्षमताओं के आधुनिकीकरण की योजना भी ला रहे हैं और 200 करोड़ रूपए की लागत से नेश्नल फॉरेंसिक डेटा सेंटर की स्थापना भी करने की योजना है, जिसके जरिये हम आंकड़ों का एक विशाल भंडार संग्रहीत कर सकेंगे और कृत्रिम मेधा (एआई) के माध्यम से उसका विश्लेषण किया जा सकेगा, जिससे विश्वसनीय, साक्ष्य-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली को लागू करने की प्रक्रिया बहुत आसान हो जाएगी। शाह ने सीएफएसएल के उद्धघाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर में आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। शाह ने कहा कि यह प्रयोगशाला सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली बनाने के केंद्र सरकार के दीर्घकालिक प्रयासों की दिशा में मील का पत्थर है। गृह मंत्री ने आपराधिक कानूनों में हाल में किए गए सुधारों के प्रभाव का भी उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद हमने 60 प्रतिशत मामलों में 60 दिन के भीतर आरोपपत्र दायर होते हुए देखे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारत के लोगों द्वारा चुनी गई संसद द्वारा भारत के लोगों के संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 160 साल पुराने अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानूनों को खत्म किया और नए भारत के नए कानून लाई है। उन्होंने कहा कि लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में ये एक क्रांतिकारी बदलाव है। शाह ने कहा कि विशेष मामलों में सुनवाई 90 दिनों के भीतर शुरू हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रायल इन एब्सेंशिया' के माध्यम से कानून की पकड़ से बाहर रहने वालों की उनकी अनुपस्थिति में हम सुनवाई करेंगे, उन्हें सजा सुनाएंगे और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उपयोग कर उन्हें वापिस लाएंगे। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय प्रशिक्षण और जांच में इसके अनुप्रयोग पर काम करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जनवरी 2026 से हम फोरेंसिक साइंस को हर थाने, सरकारी वकील और अदालत तक ले जाना शुरू करेंगे ताकि उन्हें फोरेंसिक साइंस के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'क्लस्टर अप्रोच' के जरिए देश में सीएफएसएल नेटवर्क बना रही है, ताकि जटिल मामलों का समाधान हो और पूरी आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव हो। शाह ने कहा कि पीड़ितों को फोन के जरिए हर तरह की जानकारी दी जाती है और उन्हें भरोसा दिलाया जाता है कि उन्हें थाने जाने की जरूरत नहीं है। हमने इसके लिए व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि 17,184 थाने सीसीटीएनएस से जुड़े हैं, ऑनलाइन हैं और उनका डेटा सामूहिक रूप से तैयार किया जा रहा है। गृह मंत्रालय उनकी ऑनलाइन निगरानी कर रहा है, जो दर्शाता है कि हमने इतने कम समय में कितना बड़ा बदलाव लाया है। गृह मंत्री ने कहा कि हर राज्य के लिये एक फोरेंसिक मोबाइल वैन रखने की पेशकश की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तमिलनाडु, राजस्थान, केरल और बिहार में सात और सीएफएसएल प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना बना रही है। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सीएसएफएल से बिहार, झारखंड, ओडिशा, सिक्किम, असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों के मामलों को सुलझाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि भारत सरकार कई वर्षों से एक दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। यह बेहद संतुष्टि का क्षण है क्योंकि हम आधुनिक फोरेंसिक और जांच संबंधी बुनियादी ढांचे की श्रृंखला में प्रत्येक कड़ी को मजबूत करना जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद संतुष्टि का क्षण है क्योंकि हम आधुनिक फोरेंसिक और जांच संबंधी बुनियादी ढांचे की श्रृंखला में प्रत्येक कड़ी को मजबूत करना जारी रखे हुए हैं।

## कोलकाता में गृह मंत्री शाह की जनसभा से नदारद रहे दिलीप घोष

**कोलकाता, समाज्ञा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ संगठनात्मक बैठक भी की। लेकिन वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष इस बैठक से नदारद रहे। बता दें कि एक सप्ताह से भी कम समय में यह दूसरी बार था जब पूर्व सांसद दिलीप घोष किसी शीर्ष नेता के कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे। इससे पहले 29 मई को अलीपुरद्वार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में भी वह शामिल नहीं हुए थे। दिलीप घोष के इस तरह से भाजपा के बड़े नेताओं के कार्यक्रमों से दूरी बनाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। रविवार को घोष अपनी पत्नी



रिंकू मजूमदार के साथ अपने ससुराल गए थे। वहां जब पत्रकारों ने आज की बैठक में शामिल न होने को लेकर उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हर बैठक में मुझे आमंत्रित करना अनिवार्य या आवश्यक नहीं है। हो सकता है कि मुझे कुछ बैठकों में आमंत्रित किया जाए और कुछ में नहीं।

## बंगाल में कोविड-19 के 82 नये मामले, मरीजों की संख्या बढ़कर 287 हुई



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 82 नये मामले सामने आए। इसके साथ ही, राज्य में उपचाराधीन मरीजों की कुल संख्या बढ़ कर 287 हो गई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि इस अवधि के दौरान छह लोगों के ठीक होने बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गईं। हालांकि, राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई आंकड़ा साझा नहीं किया गया।

## रेड रोड पर ईद की नमाज़ पर अनिश्चितता, सेना ने अनुमति देने से किया इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा**

महानगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी ईद-उल-जुहा के मौके पर रेड रोड (इंदिरा गांधी सरणी) पर भव्य नमाज-ए-ईद का आयोजन प्रस्तावित था। यह आयोजन राज्य में होने वाली सबसे बड़ी सार्वजनिक नमाज में से एक होता है, जिसमें लाखों लोग शिरकत करते हैं। लेकिन, इस बार, सेना द्वारा अनुमति न मिलने के कारण आयोजन पर असमंजस की स्थिति बन गई है। विजय दुर्ग के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के अधीन कार्यरत एक कर्नल द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में सूचित किया गया है कि ईद-




उल-जुहा के दौरान रेड रोड एवं उसके आसपास का क्षेत्र सैन्य उपयोग में रहेगा। इस कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा से लेकर विजय दुर्ग के ईस्ट गेट तक फैले क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धार्मिक या सार्वजनिक आयोजन की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोलकाता खिलाफत कमिटी, जो लगभग एक सदी से अधिक समय से रेड रोड पर ईद की नमाज आयोजित करती आई है, ने सेना के इस फैसले पर आपत्ति जताई है। कमिटी का कहना है कि पिछले वर्ष भी ऐसी ही परिस्थिति बनी थी, लेकिन मामला उच्च न्यायालय तक गया और कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा था कि दशकों से यह आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से होता आया है, अतः इसे रोका नहीं जा सकता। राज्य के मंत्री और खिलाफत कमिटी के अध्यक्ष जावेद अहमद खान ने बताया कि सेना की चिट्ठी उन्हें प्राप्त हो चुकी है। इस पर विशेष बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगामी कदमों पर चर्चा की जाएगी।

## मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान लोगों पर हुए हमलों का बदला लिया जाएगा : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान लोगों पर हुए हमलों का बदला लिया जाएगा और पार्टी उन लोगों को सबक सिखाएगी जिन्होंने लोगों की हत्या की साजिश रची थी। तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अप्रैल में धुलियान, शमशेरगंज और जिले के अन्य इलाकों में बड़े पैमाने पर आगजनी और हिंदुओं पर सशस्त्र हमलों के दौरान चुपचाप सब देखने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अगर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) लोगों की जान और संपत्ति बचाने के लिए आगे नहीं आता, तो जिले में बदतर स्थिति हो सकती थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य ने बीएसएफ को नहीं बुलाया,



जबकि उसके पुलिस बल घटनास्थल से भाग गए या दूर से आगजनी और लूटपाट होते देखते रहे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ की तैनाती को संभव बनाया क्योंकि हमने कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह जी ने मुर्शिदाबाद के दंगा प्रभावित इलाकों में बीएसएफ को तुरंत तैनात करके शांति स्थापित की और लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा कि हम उन इलाकों में लोगों, खासकर हिंदुओं पर हुए हमलों का उचित समय पर बदला लेंगे। हर अत्याचार, सशस्त्र हमले, हत्या की हर घटना का हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाह ने उन हिंदुओं को सीएए के तहत नागरिकता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्हें पड़ोसी देशों से भागने के लिए मजबूर किया गया था। उन्होंने कोलकाता में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित बितान आदिलकारी की पत्नी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जब यह मामला अमित जी के संज्ञान में लाया गया, तो जल्द से जल्द इसका समाधान किया गया। राज्य प्रशासन के असहयोग से निराश न हों। अगर मामला वास्तविक है तो हम आपकी चिंताओं को दूर करने के लिए मौजूद हैं।

## भाजपा-टीएमसी हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करती है : अधीर रंजन चौधरी

**मुर्शिदाबाद :** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा को यहां की आम जनता के विकास से कुछ भी लेना-देना नहीं है। दोनों पार्टियां सिर्फ सत्ता पाने के लिए हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बंगाल दौरे को लेकर रविवार को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी का चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। जहां पीएम मोदी जाएंगे, वहां जाने से अमित शाह पीछे कैसे रह सकते हैं। चौधरी ने कहा कि



मकसद साफ है कि बंगाल में चुनाव को लेकर जंग शुरू हो गई है। केंद्र और राज्य सरकार में तनातनी शुरू हो गई है। पीएम मोदी के संबोधन का लगातार ममता बनर्जी की ओर से विरोध किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी किन-किन मुद्दों पर भाषण देंगे, दीदी को पहले से ही पता चल जाता है। इसीलिए, मीडिया के सामने वह पीएम मोदी के भाषणों में उठाए गए मुद्दों का विरोध जताती हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में आम लोगों की बात नहीं होती है। बंगाल में रोजगार, कारोबार पर चर्चा नहीं होती है। अगर यहां पर चर्चा होती है तो बस हिंदू-मुस्लिम के वोट को कैसे अपनी ओर करना है। बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा 'ऑपरेशन सिंदूर' का इस्तेमाल करेगी तो वहीं, सीएम बनर्जी मुस्लिम वोटों को अपनी ओर लाने का प्रयास करेंगी।

### अमित शाह की सभा में भाजपा नेता का असामयिक निधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में पश्चिम बंगाल भाजपा की संगठनात्मक बैठक के दौरान एक दुखद घटना घटी। कृष्णगंज विधानसभा क्षेत्र के मयूरहाट 1 नंबर ग्राम पंचायत के प्रधान और भाजपा नेता दीपंकर दास अचानक बीमार पड़ गए। उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, दीपांकर दास ने सुबह राजरहाट में आयोजित एक कार्यक्रम में भी भाग लिया था, जिसके बाद वे नेताजी इंडोर स्टेडियम की बैठक में शामिल हुए थे। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर उनके साथ मौजूद लोगों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान बचाई नहीं जा सकी। मृत्यु के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## फिर मुख्यमंत्री के घर के सामने नौकरी से निकाले गए शिक्षक-शिक्षिकाएं, तीन प्रतिनिधियों की अधिकारियों से बातचीत

**कोलकाता :** रविवार को एक बार फिर नौकरी से बर्खास्त शिक्षक और शिक्षिकाएं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के घर के सामने पहुँचे। इस बार तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलने के उद्देश्य से पहुँचा, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण वे सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं कर सके। हालांकि, उन्हें पास के मिलन संघ क्लब तक जाने की अनुमति दी गई, जहाँ उनकी मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों से बातचीत हुई।

तीनों प्रतिनिधियों - संगीता साहा, मीता सरकार और निर्मल बारकंदाज - रविवार सुबह कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री के



निवास के पास पहुँचे। वे मिलन संघ क्लब के अंदर भी गए और वहाँ मौजूद मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारियों से मिले। अधिकारियों ने उनकी बात सुनी, दस्तावेज लिए और उनके मोबाइल नंबर भी नोट किए।

नौकरी से बर्खास्त शिक्षिका संगीता साहा ने बताया, हम पिछले बार मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश की थी, लेकिन तब हमें कालीघाट थाने ले जाया गया था। वहाँ हमें बताया गया था कि रविवार को मुख्यमंत्री से मिलने की संभावना होती है। उसी अनुसार आज हम यहाँ पहुँचे थे। हमें क्लब के अंदर जाने दिया गया और अधिकारियों से बातचीत भी हुई। उन्होंने हमारा फोन नंबर लिया और कहा कि अगर मुख्यमंत्री बात करने को तैयार होती हैं, तो हमें फोन कर बताया जाएगा।

हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनकी सीधी मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन अधिकारियों के साथ हुई बातचीत से बर्खास्त शिक्षकों को थोड़ी उम्मीद जरूर मिली है। अब वे मुख्यमंत्री की ओर से संभावित संपर्क की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## बांग्लादेशी घुसपैठिया आजाद शेख 4 जून तक पुलिस हिरासत में

**कोलकाता :** कोलकाता के अलीपुर अदालत ने बांग्लादेशी घुसपैठिया आजाद शेख को 4 जून तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। पुलिस की ओर से अदालत में यह दावा किया गया है कि आजाद शेख के पास मौजूद कई फर्जी दस्तावेजों के पीछे एक बड़ा रैकेट सक्रिय है, जिसकी जांच जारी है।



पुलिस के अनुसार, इस मामले में कई स्थानों पर पहले ही छापेमारी की जा चुकी है और हर दिन नए-नए जानकारियां सामने आ रही हैं। आजाद शेख से पूछताछ के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस को आगे की जांच के लिए और भी जानकारी जुटानी है। इसी कारण पुलिस ने अदालत से उसकी हिरासत की अवधि बढ़ाने की मांग की थी।

अदालत ने पुलिस के तर्क के अनुसार आजाद शेख को 4 जून तक पुलिस हिरासत में रखने की अनुमति दी। अब पुलिस उसे और अधिक गहनता से पूछताछ करेगी, पूरे रैकेट का पर्दाफाश करने की कोशिश करेगी।

## घोला में बुजुर्ग दंपति का फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर के घोला थाना अंतर्गत महेंद्रनगर इलाके में शनिवार की रात एक बुजुर्ग दंपति का फंदे से लटका हुआ शव बरामद किया गया। दंपत्ति की मौत के कारणों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मृतकों के नाम शेखर सामंत और मनिका सामंत हैं। वे महेंद्रनगर इलाके के रहने वाले हैं। शेखर सामंत नौकरी से रिटायर हो चुके हैं। उनकी बेटी बाहर रहती है। हालांकि, शेखर के घर उनके भाई के परिवार का आना-जाना लगा रहता था। शनिवार की रात शेखर सामंत का भतीजा उनके घर आया था। इलाके में लोडशेडिंग के कारण



पूरे घर में अंधेरा था। भतीजे ने मोबाइल फोन का फ्लैश ऑन करके सबसे पहले मनिका देवी का शव देखा। वह दौड़कर घरवालों को सूचना दी। परिवार के बाकी सदस्य आए तो मोनिका देवी के बगल में शेखर के शव को देखा। खबर मिलते ही घोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत शेखर के भाई सुनील सामंत ने कहा कि कुछ दिन पहले मेरे ससुर की मौत हो गई थी। हम वहां व्यस्त थे। शनिवार की रात मेरा बेटा मेरे बड़े भाई के यहां गया था। उसने उनकी पत्नी का शव देखा और हमें बताया। बाद में, हमारे बड़े भाई का का शव भी उस घर में मिला। मुझे समझ नहीं आ रहा कि ऐसा क्यों हुआ। पुलिस को जांच करने दीजिए। आस-पड़ोस के लोगों का कहना है कि शेखर बाबू और उनकी पत्नी बहुत शांत स्वभाव के थे। उन्हें किसी से कोई परेशानी नहीं थी। ऐसे दो लोगों की अचानक मौत से वे हैरान हैं। इस बात को लेकर संशय है कि यह आत्महत्या थी या हत्या। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### हाबरा में दुकान में घुसी अनियंत्रित कार, पांच की हालत गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में हाबरा थाने के गेट नंबर 2 के पास रविवार की सुबह जमाई षष्ठी के दिन ग्राहकों से भरे एक मटन की दुकान में एक कार अनियंत्रित होकर घुस गई। इस दौरान वहां मौजूद कई लोग कर की चपेट में आ गए। पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चार पहिया वाहन गेट नंबर 2 से प्रफुल्ल नगर की ओर जा रहा था। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर दुकान के सामने लगी खरीदारों की लंबी कतार से जा टकराया। देखते ही देखते सड़क खून से लथपथ हो गई। स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में पांच लोगों को हाबरा अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि इनमें से एक को कोलकाता स्थानांतरित किया गया है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार चालक को पकड़ लिया गया है। साथ ही, पुलिस ने घातक वाहन को भी जब्त कर लिया है।

## शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर भड़के पवन कल्याण व कंगना रनौत

**कोलकाता :** 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विवादित बयान देने के आरोप में गिरफ्तार 22 साल की लॉ स्टूडेंट और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ऐसे में शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी पर जन-सेना पार्टी के प्रमुख अभिनेता पवन कल्याण व बॉलीवुड एक्ट्रेस और राजनेता कंगना रनौत ने भी गहरी नाराजगी जताई है। शर्मिष्ठा पनोली के बचाव में आंध्र प्रदेश में उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण उतर आये हैं। उन्होंने शर्मिष्ठा के खिलाफ कार्रवाई को टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लॉ की छात्रा शर्मिष्ठा ने



अपनी बात रखी। कुछ लोगों को उनके शब्द आपत्तिजनक लगे। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की और वीडियो डिलीट कर माफी मांग ली। पश्चिम बंगाल पुलिस ने शर्मिष्ठा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने सवाल पूछा, जब टीएमसी के चुने हुए नेता, सांसद सनातन धर्म का मजाक उड़ाते हैं तो लाखों लोगों को बहुत दुख होता है, उसका क्या? पवन कल्याण ने आगे कहा, जब हमारे धर्म को गंध धर्म कहा जाता है तो गुस्सा कहां है? उन नेताओं की माफी कहां है? तुरंत उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? इधर कंगना रनौत ने कहा, 'किसी को 'लॉ एंड ऑर्डर' के नाम पर इस तरह से परेशान करना ठीक नहीं है, खासकर जब उसने अपनी गलती के लिए माफी मांग ली हो और आपत्तिजनक पोस्ट को हटा भी लिया हो। किसी एक गलती के कारण उसके पूरे करियर और कैरेक्टर को तबाह कर देना न्यायसंगत नहीं है. ऐसा व्यवहार किसी भी बेटी के साथ नहीं होना चाहिए।' कंगना रनौत ने बंगाल सरकार से अपील की कि राज्य को 'नॉर्थ कोरिया' न बनाया जाए, बल्कि लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जाए। कंगना ने ममता बनर्जी से अनुरोध किया कि शर्मिष्ठा की कम उम्र और भविष्य को देखते हुए उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए, क्योंकि यह एक तरह से उसकी पूरी जिंदगी को बर्बाद करने की साजिश लगती है। गौरतलब है कि कोलकाता के पोर्ट क्षेत्र की गार्डेनरीच थाने की पुलिस ने शर्मिष्ठा को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी को लेकर सियासी बयानबाजी भी खूब हो रही है।



# लगातार दूसरी बार तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल पूछताछ के लिए पुलिस के सामने नहीं हुए पेश

**❑ 'तृणमूल नेता को फंसाया गया, एआई के इस्तेमाल से बदली गई आवाज', तृणमूल नेता के करीबी का दावा**

**बीरभूम :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल एक पुलिस अधिकारी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कथित तौर पर 'अपमानजनक भाषा और गाली गलौज' करने के मामले में रविवार को दूसरी बार पूछताछ के लिए पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए। सूत्रों के मुताबिक, अनुब्रत मंडल ने खराब सेहत का हवाला देते हुए पुलिस के समक्ष पेश होने में असमर्थता जतायी। इस दिन, अनुब्रत मंडल की ओर से उनका एक करीबी



सहयोगी बोलपुर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कार्यालय में पेश हुआ। मंडल के करीबी सहयोगी ने संवाददाताओं को बताया कि तृणमूल के बीरभूम जिले के पूर्व अध्यक्ष बहुत बीमार हैं और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। मंडल के करीबी सहयोगी गगन सरकार ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस नेता ने किसी को फोन नहीं किया और एक पुलिस अधिकारी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान उनकी आवाज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके गढ़ी गई थी। सरकार ने दावा किया कि मंडल अस्वस्थ हैं और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। मंडल ने किसी को फोन नहीं किया था और जो आवाज सुनी गई थी, वह एआई का उपयोग करके गढ़ी गई थी। बता दे कि तृणमूल नेता मंडल को 'अपमानजनक भाषा और गाली गलौज' मामले में पूछताछ के लिए रविवार की सुबह 11 बजे एसडीपीओ कार्यालय में पुलिस के समक्ष पेश होने को कहा गया था। बाद में, मंडल के वकील एसडीप-ीओ कार्यालय में पेश हुए और दावा किया कि उनके नेता मंडल को फंसाया गया है और पूरा प्रकरण एक वृहद साजिश का हिस्सा है।

---

**❑ अनुब्रत मंडल के सहयोगी छात्र नेता को पार्टी से निकाला**

अनुब्रत मंडल के सहयोगी छात्र नेता को रविवार को पार्टी से छह साल के लिए निकाल दिया है। दरअसल, बीरभूम जिला तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष विक्रमजीत साव ने अनुब्रत मंडल का समर्थन किया था और फोन पर एक पुलिस अधिकारी पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने के लिए बोलपुर पुलिस स्टेशन के आईसी पर हमला बोला था। तृणमूल छात्र परिषद के प्रदेश अध्यक्ष त्रिनंकुर भट्टाचार्य ने घोषणा की कि विक्रमजीत को जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया जाएगा और पार्टी से भी निलंबित कर दिया जाएगा। जिला तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष विक्रमजीत साव का लिटन पर हमला करने का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शाम तक विक्रमजीत को निलंबित करने का निर्णय ले लिया गया।

# बंगाल में एसटीएफ का बड़ा अभियान, फरक्का से अवैध हथियारों की भारी बरामदगी

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का क्षेत्र में शनिवार शाम बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की कार्रवाई के दौरान एक होटल से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। इसी दौरान बिहार के भागलपुर निवासी एक संदिग्ध हथियार तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। गोपनीय सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने न्यू फरक्का बस स्टैंड के पास स्थित 'होटल रजनीगंधा' में छापेमारी की। तलाशी के दौरान आरोपी सत्यजीत घोष (42) के पास से चार सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और चार पिस्तौल मैगजीन बरामद किए गए। आरोपी मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले का रहने वाला है और लंबे समय से अवैध हथियारों की तस्करी में सक्रिय बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सत्यजीत घोष का संबंध अंतर्राज्यीय हथियार तस्करी गिरोह से है, जो बिहार से बंगाल और अन्य



जिलों में हथियारों की आपूर्ति करता है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह हथियारों की डीलिंग के सिलसिले में कुछ लोगों से मुलाकात करने मुर्शिदाबाद आया था और उसी होटल में ठहरा हुआ था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधाननगर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। इस मामले में सॉल्टलेक स्थित एसटीएफ मुख्यालय थाने में अवैध हथियार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब बिहार से बंगाल में अवैध हथियारों की खेप पकड़ी गई हो। इससे पहले भी कई बार इसी तरह की तस्करी के मामले सामने आ चुके हैं।

### खड़गपुर में आगजनी में कॉस्मेटिक्स की दुकान जलकर राख



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिलांतर्गत खड़गपुर के भंडारीचक इलाके में रविवार की सुबह आग लगने से एक दुकान जलकर राख हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गोलबाजार के भंडारीचक इलाके में रविवार सुबह एक कॉस्मेटिक्स की दुकान में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। खबर मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों के प्रयास से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है। खबर लिखे जाने तक इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली थी।

# कोलकाता में साधु-संतों ने शाह से मुलाकात की, बंगाल में हिंदुओं पर 'अत्याचार' और घुसपैठ पर चिंता जताई

## गृह मंत्री ने स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित की

**कोलकाता, समाज्ञा :** विभिन्न संगठनों के साधु-संतों ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मालदह व मुर्शिदाबाद जिलों में हिंदुओं पर कथित अत्याचार तथा बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को लेकर चिंता जताई। स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास पर हुई बैठक के दौरान, साधु-संतों ने दावा किया कि शाह ने हिंदू धार्मिक नेताओं से एकजुट होने और मानवता से संबंधित व्यापक मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान शाह ने स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि




अर्पित की। पद्म पुरस्कार से सम्मानित कार्तिक महाराज ने कहा कि साधु-संतों ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करते हुए हिंदुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि शाह राजनीतिक चर्चा के लिए नहीं, आशीर्वाद लेने आए हैं। बैठक में मौजूद एक साधु ने दावा किया कि शाह ने साधु-संतों से समाज में उनकी इस भूमिका पर विचार करने को कहा है कि क्या इसे कीर्तन और पूजा-अर्चना जैसी आध्यात्मिक परंपराओं तक सीमित रहना चाहिए या ज्वलंत मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए।

## बहरमपुर और सागरपाड़ा से भारी मात्रा में हथियार बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में पुलिस ने फिर एक बार बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार की रात मुर्शिदाबाद के स्पेशल ऑर्गनाइजेशन ग्रुप और सागरपाड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चार हथियार तस्करों को चारा बटतला क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम गियासुद्दीन शेख, मीनारुल शेख, मुकलेसुर मंडल और मारुफ शेख बताए गए हैं। इनके पास से 3 अत्याधुनिक 7.62 मिमी पिस्तौल, 1 पाइप गन, 6 मैगजीन, 15 ताजा 7.62 मिमी कारतूस और 5 ताजा थ्री थ्री कारतूस जब्त किए गए हैं, साथ ही दो मोटरसाइकिल भी बरामद हुई हैं। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये हथियार कहां से आए थे। रविवार को इन आरोपियों को बहरमपुर के सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उन्हें 10 दिन की हिरासत में रखने का आवेदन दिया है। इसी बीच, बहरमपुर थाना पुलिस ने भी पिछले रात 5 सेवन मिमी पिस्तौल, 10 मैगजीन और 25 राउंड कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वे हथियार और कारतूस लेकर बहरमपुर के फरासडांगा इलाके से रानीनगर की ओर जा रहे थे, जहां पुलिस ने उन्हें रोक कर तलाशी ली और हथियार बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों को रविवार को बहरमपुर कोर्ट में पेश किया गया।

# श्राद्ध में कहासुनी ने ली युवक की जान, एक गिरफ्तार

**आसनसोल :** आसनसोल के बक्तानगर इलाके में श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ विवाद जानलेवा साबित हुआ। मामूली कहासुनी से शुरू हुई बात ने इतना गंभीर रूप ले लिया कि एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान अमित बाउरी के रूप में हुई है, जो रानीगंज थाना क्षेत्र के बक्तानगर गांव का निवासी था। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को इलाके में एक श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान अमित का अपने पड़ोसियों- परिमल बाउरी, बिमल बाउरी और कमल बाउरी-से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में



हाथापाई शुरू हो गई। आरोप है कि अगले दिन सुबह जब अमित सो रहा था, तभी परिमल और उसके सहयोगियों ने उसे बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से अमित को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही इलाके में तनाव फैल गया। गुस्साए लोगों ने मुख्य आरोपी के घर पर हमला कर तोड़फोड़ की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल भेजा गया, जिसने काफी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया। पुलिस ने मुख्य आरोपी परिमल बाउरी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों ने सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और न्याय की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है और पूरे घटनाक्रम की छानबीन जारी है।

# नदिया के कृष्णगंज में खून से लथपथ मिला अज्ञात महिला का शव

**नदिया :** नदिया के कृष्णगंज क्षेत्र के बांग्लादेश सीमा के पास एक अज्ञात महिला का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, महिला का शव मुंह के बल जमीन पर पड़ा था। शव के पास एक मोबाइल फोन और एक बैग भी मिला, जिस पर 'मुक्ति' लिखा था। महिला के शरीर पर कई चाकू के घाव थे, जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि उसकी हत्या



की गई है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला की हत्या वहीं हुई है या कहीं और हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और शुरुआती रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारण स्पष्ट होंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस 2025 पर हावड़ा मंडल ने उठाया स्वच्छ भविष्य की ओर कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें की थीम पर एक व्यापक अभियान चलाया। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ विकल्पों को अपनाना और स्वच्छ रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना रहा। अभियान के तहत स्टेशनों और रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छता, हरियाली संरक्षण, पार्क सौंदर्यीकरण और जूट बैग के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। बंडेल, आजिमगंज, रामपुरहाट, शे-उराफुली, कटवा, नवद्वीप, वर्दवान, तारकेश्वर, बोलपुर, लिलुआ और गुलमोहर जैसे स्थानों पर स्वच्छता के साथ-साथ प्लास्टिक के विकल्पों पर जागरूकता फैलाई गई। हावड़ा स्टेशन इस प्रयास का केंद्र बिंदु बना, जहां एक साथ हरियाली रखरखाव, स्वच्छता और जूट बैग प्रचार किया गया। नवद्वीप कॉलोनी ने बच्चों के पार्क की देखभाल कर पर्यावरणीय सोच को मजबूत किया। इस



समग्र अभियान ने भारतीय रेलवे के सतत विकास और पर्यावरणीय संरक्षण के संकल्प को मजबूती दी और एक स्वच्छ, हरित व प्लास्टिक मुक्त भविष्य की दिशा में प्रभावशाली पहल की।

### राज्य में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई 'जमाई षष्ठी'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में रविवार को 'जमाई षष्ठी' मनाई गई जिसमें दामादों का बड़े धूमधाम, रीति-रिवाज और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ स्वागत किया गया। पारंपरिक अनुष्ठान में सास पूजा करती हैं और दामादों की कलाई पर पवित्र धागा (षष्ठी सूत्र) बांधती हैं। वे दामादों की खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं जिसके बाद एक शानदार दावत का आयोजन होता है। कई लोगों के लिए यह दिन लंबे समय तक साथ रहने और परिवार के साथ घुलने-मिलने का भी अवसर होता है। राज्य में इस अवसर पर लोगों में सुबह से ही उत्साह दिखने लगा। विवाहित बेटियां नयी साड़ियां पहनकर कुर्ता पहने अपने पतियों के साथ मायके जाती दिखीं। शनिवार की शाम और रविवार की सुबह शहर के बाजरों में भारी भीड़ देखी गई। कोलकाता और इसके उपनगरों में मिठाई की दुकानों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं।

# सियालदह मंडल की अनोखी बैज प्रणाली ने दो फर्जी टीटीई को पकड़ा

**■ सियालदह-लालग-ोला पैसेंजर ट्रेन में सतर्क यात्रियों ने फर्जी टीटीई को पकड़ा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अंतर्गत सियालदह मंडल ने दो फर्जी टिकट परीक्षकों (टीटीई) को पकड़ने में सफलता हासिल की है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह सफलता मंडल के सभी टीटीई के यूनिफार्म में हाल में लागू की गई विशिष्ट बैज प्रणाली, जो पूरे सियालदह मंडल नेटवर्क में पहली बार शुरू की गई है, के फलस्वरूप दोनों फर्जी टीटीई को पकड़ने में मदद मिली। मालूम हो कि सियालदह के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) जसराम मीणा की पहल पर हाल में पूरे मंडल में असली व



नकली टीटीई की पहचान के लिए अनोखी बैज प्रणाली की शुरुआत की गई थी। मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि इस अभिनव पहल ने न केवल यात्रियों को सशक्त किया है, बल्कि रेलवे कर्मचारियों में भी सतर्कता की भावना को और मजबूत किया है। इस प्रणाली की प्रभावशीलता तब साबित हुई जब ट्रेन संख्या 53175 (सियालदह- लालगोला पैसेंजर ट्रेन) में सतर्क यात्रियों ने एक व्यक्ति को रेलवे टीटीई के रूप में झूठा दावा करते हुए पकड़ा। बाद में, उस व्यक्ति की पहचान संजय घोषाल के रूप में हुई। जब उससे उसका टीटीई बैज मांगा गया और वो भी पैसेंजर के द्वारा, तो वह घबरा गया और अपने आपको सतर्कता अधिकारी के रूप में परिचय दिया। उसकी इसी संदेहास्पद गतिविधियों पर तत्पर यात्रियों ने तुरंत आन-ड्यूटी टीटीई को सूचित किया, जिन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़कर आरपीएफ पोस्ट कृष्णनगर सिटी जंक्शन को सौंप दिया। पूछताछ में घोषाल ने फर्जी टीटीई और सतर्कता अधिकारी होने की बात स्वीकार की। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज




किया गया है। इस सफलता के तुरंत बाद, लक्ष्मीकांतपुर स्टेशन पर एक और फर्जी टीटीई की पहचान हुई। ड्यूटी पर तैनात सतर्क टीटीई कर्मचारियों ने देखा कि एक व्यक्ति यात्रियों से टिकट मांग रहा था। उसकी हड़बड़ी और अत्यधिक अधिकार जताने वाली भाषा ने कर्मचारियों को सचेत कर दिया। जब उससे बैज दिखाने को कहा गया, तो वह घबरा गया और कोई वैध पहचान प्रस्तुत नहीं कर सका। तत्परता दिखाते हुए टीटीई कर्मचारियों ने उसे तुरंत पकड़कर आरपीएफ/लक्ष्मीकांतपुर के हवाले कर दिया।

सियालदह के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राजीव सक्सेना ने कहा कि ये घटनाएं सियालदह मंडल की इस अग्रणी पहल की सफलता का स्पष्ट प्रमाण हैं। यह अनोखी बैज प्रणाली न केवल वास्तविक टीटीई कर्मचारियों को प्रमाणिकता का प्रतीक प्रदान करती है, बल्कि जनता को भी असली और नकली कर्मचारियों में अंतर करने की शक्ति देती है। यात्रियों की सजगता और जागरूकता का यह उदाहरण यह दर्शाता है कि एक सरल लेकिन प्रभावी प्रशासनिक निर्णय रेलवे प्रणाली में सुरक्षा और विश्वास को किस प्रकार मजबूती दे सकता है।

# मुर्शिदाबाद में तृणमूल नेता के घर पर देर रात बम से हमला, फैला दहशत

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद के डोमकल में शनिवार देर रात तृणमूल कांग्रेस के टाउन अध्यक्ष कमरुज्जमान सरकार के घर को निशाना बनाकर बम फेंके गए। इस घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने घर के गेट के नजदीक बने जनरेटर कक्ष की दीवार को लक्ष्य बनाकर बमबारी की। घटना के बाद रविवार सुबह कमरुज्जमान ने डोमकल थाने में शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय निवासियों और नेता की मानें तो इस बमबारी का उद्देश्य किसी की जान लेना नहीं, बल्कि डर का माहौल पैदा करना था। उनका तर्क है कि यदि हमलावरों की मंशा हत्या की होती, तो हमला सीधे उनके रहने वाले कक्ष पर किया जाता। कई लोगों का मानना है कि यह घटना



इलाके में जानबूझकर तनाव फैलाने की कोशिश हो सकती है। कमरुज्जमान सरकार ने मीडिया से बात करते हुए कहा, यह हमला मुझे डराने की नीयत से किया गया है। जैसे ही घटना की सूचना पुलिस को मिली, टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से सॉकेट बम के खोल बरामद किए गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# दर्शकों की सुविधा के लिए नई पहल, अलीपुर चिड़ियाघर में बनाया जाएगा 'क्लोक रूम'

**कोलकाता :** दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर में अब 'क्लोक रूम' की सुविधा शुरू की जा रही है। भारी बैग और सामान लेकर घूमने की परेशानी से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से चिड़ियाघर प्रबंधन ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बंगाल सफारी के बाद अब अलीपुर चिड़ियाघर में भी दर्शक अपने बैग और सामान सुरक्षित रूप से रख सकेंगे।

अलीपुर चिड़ियाघर में प्रतिदिन दर्शकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। केवल कोलकाता शहर और उसके आसपास के लोग ही नहीं, बल्कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से भी




बड़ी संख्या में लोग यहाँ आते हैं। इसके अलावा, देश-विदेश से भी अनेक पर्यटक कोलकाता घूमने आते हैं। विक्टोरिया मेमोरियल और भारतीय संग्रहालय के साथ-साथ अलीपुर चिड़ियाघर भी कोलकाता का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है।

विक्टोरिया मेमोरियल और संग्रहालयों में पहले से ही क्लोक रूम की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन अब तक अलीपुर चिड़ियाघर में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। इस कारण कई पर्यटकों को भारी बैग लेकर चिड़ियाघर में घूमना पड़ता था या फिर कुछ लोग असुविधा के डर से चिड़ियाघर देखे बिना ही लौट जाते थे।

इस समस्या को समझते हुए चिड़ियाघर प्रबंधन ने अब क्लोक रूम बनाने का फैसला किया है, जहाँ दर्शक अपने बैग और अन्य सामान रख सकेंगे। खास बात यह है कि इसके लिए किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

अलीपुर चिड़ियाघर के अधीक्षक अरुण मुखोपाध्याय ने बताया कि बहुत जल्द यह सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा, अब दर्शकों को ज्यादा दिन तक भारी बैग लेकर घूमना नहीं पड़ेगा। उनकी सुविधा के लिए चिड़ियाघर में एक क्लोक रूम बनाया जाएगा, जहाँ वे निःशुल्क अपना सामान रख सकेंगे।

यह नई पहल निश्चित रूप से दर्शकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी और अलीपुर चिड़ियाघर को एक अधिक सुविधाजनक पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित करेगी।

## सियालदह मंडल की अनोखी बैज प्रणाली से पकड़े गए दो नकली टीटीई

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए सियालदह मंडल ने फर्जी टिकट परीक्षकों (टीटीई) के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। मंडल में लागू की गई विशिष्ट बैज प्रणाली-जो पूरे सियालदह नेटवर्क में पहली बार शुरू की गई है-की बदौलत दो नकली टीटीई को रंगे हाथों पकड़ा गया। इस पहल को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जसराम मीणा की दूरदर्शिता और सक्रिय नेतृत्व से बल मिला। इस प्रणाली की प्रभावशीलता ट्रेन संख्या 53175 (सियालदह-लालगोला पैसेंजर) में तब प्रमाणित हुई जब यात्रियों ने एक व्यक्ति को खुद को टीटीई बताकर टिकट जांचते देखा। संदेह होने पर जब उससे बैज दिखाने को कहा गया, तो वह घबरा गया और खुद को सतर्कता अधिकारी बताने लगा। सतर्क यात्रियों ने तुरंत असली टीटीई को सूचना दी, जिसने उसे आरपीएफ/कृष्णनगर सिटी जंक्शन को




सौंप दिया। जांच में उसका नाम संजय घोषाल निकला, जिसने फर्जी टीटीई होने की बात कबूल की। दूसरी घटना लक्ष्मीकांतपुर स्टेशन की है, जहां ड्यूटी पर तैनात टीटीई ने एक संदिग्ध व्यक्ति को यात्रियों से आक्रामकता से टिकट मांगते देखा। पूछने पर वह कोई वैध पहचान या बैज नहीं दिखा सका और हकलाने लगा। तुरंत कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों ने उसे आरपीएफ को सौंप दिया। सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना ने इस सफलता को मंडल की अनोखी बैज प्रणाली की प्रभावशी-लता का प्रत्यक्ष प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली न केवल असली टीटीई की पहचान सुनिश्चित करती है, बल्कि यात्रियों को भी असली और नकली कर्मचारियों में फर्क करने की शक्ति देती है। यात्रियों की सजगता और रेलवे की प्रशासनिक दूरदृष्टि ने मिलकर इस प्रकार के अपराधों पर रोक लगाने में अहम भूमिका निभाई है।

# तृणमूल कांग्रेस ने घुसपैठ की टिप्पणी को लेकर अमित शाह पर किया पलटवार




**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस आरोप पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि राज्य सरकार घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। पार्टी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी है जो केंद्र सरकार के अधीन काम करती है। इस दिन, पार्टी मुख्यालय मे एक संवाददाता सम्मेलन में तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ को रोकना पूरी तरह बीएसएफ की जिम्मेदारी है। तृणमूल कांग्रेस सीमाओं की रखवाली नहीं कर रही है, यह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का काम है, जो केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। अगर कोई मुद्दा है, तो इसे केंद्र द्वारा सुलझाया जाना चाहिए। सीमा मुद्दों के लिए राज्य प्रशासन को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। भट्टाचार्य ने कहा कि अगर कोई तृणमूल पर घुसपैठ की अनुमति देने का आरोप लगाता है, तो मैं कहूंगी कि इस खतरे को रोकना बीएसएफ की जिम्मेदारी है। गृह मंत्री को खुद यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश की सीमा सुरक्षित रहे। भट्टाचार्य ने आगे कहा कि राज्य ने बाड़ लगाने में रोड़ा नहीं अटकाया है। भूमि अधिग्रहण एक प्रक्रियागत मामला है और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि अमित शाह ने कोलकाता में सभा की है। उन्होंने राज्य सरकार के सभागार में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने सवाल किया कि अगर तृणमूल गुजरात जाकर अनुमति मांगती तो क्या उसे अनुमति मिल जाती? वह यहां इसलिए आए हैं क्योंकि ममता बनर्जी लोकतंत्र में विश्वास रखती हैं। उन्होंने कहा कि वह कह रहे हैं कि चुनाव में हमारी जमानत जब्त हो जाएगी। क्या मतलब है कि जमानत जब्त कर ली जाएगी? चुनाव कौन कराता है? निर्वाचन आयोग या कोई और। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रही है।

❑ **अमित शाह की राजनीति केवल बांटो और राज करो की है : सागरिका घोष**

वहीं, तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने भी शाह की टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री संवैधानिक प्राधिकारी के बजाय भाजपा पदाधिकारी की तरह व्यवहार कर रहे हैं। घोष ने कहा कि ऐसे समय में जब तृणमूल कांग्रेस भारत सरकार के साथ मजबूती से खड़ी है और जब हमारे राष्ट्रीय महासचिव सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश में हैं और भारत सरकार के पक्ष में और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से बोल रहे हैं, तब कोई और नहीं बल्कि गृह मंत्री बंगाल आते हैं और भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं और हमारी आदरणीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ घटिया भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि अमित शाह की राजनीति केवल बांटो और राज करो की है।

❑ **शाह सिंदूर बेचने आये हैं : काकोली घोष दस्तीदार**

सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि वे सिंदूर बेचने आये हैं। सिंदूर महिलाओं का गौरव हैं। आप किस तरह का सपना देख रहे हैं? क्या आप 2026 में सत्ता में आएंगे? तृणमूल 250 से अधिक सीटों के साथ सत्ता में आ रही है। उन्होंने कहा कि अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। कश्मीर पुलिस आपके विभाग के अधीन है। सीमा आपकी है है। असफलता आपकी है और आपको इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध नहीं किया। मैं उनके सिंदूर की राजनीति करने के तरीके का विरोध करती हूं। कोई भी इसलिए वोट नहीं देता क्योंकि वह मुसलमान है। एक नागरिक के रूप में मतदान करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोलकाता :** टॉप्सिया रोड स्थित एक पांच मंजिला आवासीय इमारत के ऊपरी मंजिल के कमरे में आज सुबह लगभग 11 बजे एक व्यक्ति का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान फिरोज अज़म (उम्र 49 वर्ष), निवासी 39, टॉप्सिया रोड, कोलकाता – 39 के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर तिलजला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सी.एन.एम.सी. हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच के अनुसार मृतक ने कपड़े की मदद से फांसी लगाई थी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर राहगीर गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता :** कोलकाता के चोवबाघा रोड स्थित पूर्वा पाड़ा इलाके में एक सड़क हादसे में एक 52 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना रात करीब 9:10 बजे हुई, जब अज्ञात वाहन ने राह चलते एक व्यक्ति को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घायल की पहचान बिकाश मंडल (उम्र 52 वर्ष), थाना – पुरुलिया कोस्टल, 24 परगना (दक्षिण) के रूप में की गई है। उन्हें तत्काल सिशुमंगल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। घायल को कई जगहों पर चोटें आई हैं। अनंतपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार वाहन की तलाश जारी है।

# हावड़ा के संशोधनागार में विचाराधीन कैदी की रहस्यमयी मौत

❑ **मृतक के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के संशोधनागार में रविवार को विचाराधीन कैदी की रहस्यमयी को लेकर सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान सलीम अंसारी (35) के रूप में हुई है। वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस दिन, सुबह में हावड़ा सुधार गृह में सलीम को उसके सेल में फांसी पर लटका हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सुधार गृह में हड़कंप मच गया। सलीम एक हत्या के प्रयास के मामले में पिछले चार वर्षों से न्यायिक हिरासत में था। जेल प्रशासन को सूचना मिली कि सलीम अपने सेल के दरवाजे के पास फंदे से लटका हुआ पाया गया। तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने इस मृत्यु को आत्महत्या मानने से इनकार किया है। परिजनों का आरोप है कि सलीम की हत्या की गई है और इस घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। मृतक की मां सलमी बेगम ने आरोप लगाया कि सलीम को चार वर्ष पूर्व एक पारिवारिक झगड़े के बाद गिरफ्तार किया गया था। हमें बताया गया कि उसने आत्महत्या की है, लेकिन फोटो में उसके गले पर कोई फांसी का स्पष्ट निशान नहीं है। हमें विश्वास है कि यह हत्या है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। सलीम ने कथित रूप से गमछे का उपयोग कर फांसी लगाई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। जेल प्रशासन द्वारा मामले की विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है, और घटना के समय उसी सेल में मौजूद अन्य दो कैदियों से भी पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# धार्मिक भावनाओं के अपमान पर लॉ स्टूडेंट गिरफ्तार, कोलकाता पुलिस ने दिया बयान



**कोलकाता, समाज्ञा :** सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का विरोध करने पर लॉ की छात्रा को गिरफ्तार करने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कोलकाता पुलिस ने इसे 'शरारतपूर्ण और भ्रामक' बताया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में कोलकाता पुलिस ने बताया कि छात्रा को धार्मिक आस्था के अपमान के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स पर गलत सूचना फैलाई जा रही है कि कोलकाता पुलिस ने पाकिस्तान का विरोध करने के कारण एक लॉ स्टूडेंट को अवैध रूप से गिरफ्तार किया है। यह कहानी शरारतपूर्ण और भ्रामक है। राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति व्यक्त करना एक ऐसी चीज है जिसका हर नागरिक और संगठन समर्थन करता है। कोलकाता पुलिस भी इससे अलग नहीं है, वह भारत के नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ी है। यह फिर से दोहराया जाता है कि इस घटना में, आरोपी के खिलाफ 15 मई को गार्डेनरीच थाने में इस आरोप के आधार पर मामला दर्ज किया गया था कि उसने एक वीडियो पोस्ट किया था जो देश के नागरिकों के एक वर्ग की धार्मिक आस्था का अपमान करता था और विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य और घृणा को बढ़ावा देता था। मामला भारतीय न्याय संहिता की उपयुक्त धारा के तहत दर्ज किया गया था। मामले की विधिवत जांच की गई और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, आरोपी को बीएनएस की धारा 35 के तहत नोटिस देने के कई प्रयास किए गए, लेकिन हर बार वह फरार पाई गई। परिणामस्वरूप, सक्षम न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया, जिसके बाद उसे (हरियाणा के) गुरुग्राम से वैध तरीके से गिरफ्तार किया गया। उसके बाद उसे उपयुक्त मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और कानून की उचित प्रक्रिया के अनुसार उसे ट्रांजिट रिमांड दिया गया। बाद में, अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### तपसिया के होटल से संदिग्ध पाक जासूस को एनआए ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** चांपदानी की एक सिक्योरिटी एजेंसी से नियुक्त होकर तपसिया के होटल में काम कर रहे मोहम्मद वाकिल को कथित तौर पर रविवार को एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि वह कोलकाता के तपसिया स्थित होटल साउथ इंटरनेशनल में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता था। उसका घर इंटाली के भोला चंद रोड पर स्थित है। पिछले एक साल से वह चांपदानी की बीएमबी सिक्योरिटी मैनेजमेंट कंपनी में काम कर रहा था। शनिवार की दोपहर, सिक्योरिटी कंपनी के डायरेक्टर भृगपति बेहेरा को अपने एक कर्मचारी से फोन के ज़रिये जानकारी मिली कि एनआईए ने वाकिल को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार, सीआरपीएफ जवान मोतीलाल जाट की गिरफ्तारी से मिले सुराग के आधार पर एनआईए ने कोलकाता में छापेमारी की और मोहम्मद वाकिल को गिरफ्तार किया।

## नाबालिका से यौन उत्पीड़न के आरोप में भद्रेश्वर क्षेत्र में तनाव, दो आरोपी हिरासत में



**हुगली :** भद्रेश्वर थाना क्षेत्र में एक नाबालिका से यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर रविवार को इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के घरों में तोड़फोड़ की और जमकर विरोध किया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात चंदननगर स्टेशन के पास रेल लाइन से सटे झोपड़पट्टी में रहने वाली लगभग 15 वर्षीय एक किशोरी शौचालय जा रही थी। उसी समय, आरोप है कि इलाके के चार युवकों ने उसे जबरन रोकने और परेशान करने की कोशिश की। जब एक युवक ने इसका विरोध किया, तो उसे भी पीटा गया।

घटना की जानकारी किशोरी ने अपने परिवार को दी, जिसके बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया। रविवार सुबह जैसे ही एक आरोपी को लोगों ने देखा, वे आक्रोशित हो उठे और उसकी पिटाई कर दी। साथ ही, उसके घर में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी को भीड़ से सुरक्षित निकाला।

अब तक दो आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। नाबालिका की मां ने थाने में यौन उत्पीड़न की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

### चलती बाइक पर रील बनाना पड़ा महंगा, रेसर की मौत



**हुगली :** दुर्गापुर एक्सप्रेसवे पर रविवार की सुबह गुडाप थाना क्षेत्र के कंसारिपुर मोड़ पर तेज़ रफ्तार में चलती बाइक से रील बनाने के दौरान 25 वर्षीय बाइक रेसर शेख मोहम्मद हाशेम की डंपर से टकराकर मौत हो गई। वह कोलकाता के पश्चिम पुटियारी का रहने वाला था। हर रविवार की तरह वह और उसके साथी 41 स्पोर्ट्स बाइक के साथ बर्धमान की ओर जॉय राइड पर निकले थे। हादसे के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# इस्कॉन की रथ यात्रा में सुखोई लड़ाकू विमान के टायरों वाले रथ पर सवार होंगे भगवान जगन्नाथ

## 48 सालों बाद बड़ा बदलाव, हमेशा से रथ में बोइंग के टायरों का होता था इस्तेमाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में इस्कॉन द्वारा प्रसिद्ध रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस साल इस रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को कुछ बदलाव भी नजर आने वाला है। इस बार, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ सुखोई लड़ाकू विमान के टायरों पर सवार होकर धीमी गति से अग्रसर होंगे। पिछले 48 सालों की परंपरा को तोड़ते हुए रथ में यह बदलाव किया गया है। इससे पहले रथ को बोइंग विमान के चक्कों की मदद से खींचा जाता रहा है। बोइंग के टायर काफी पुराने हो चुके थे, जिस वजह से 15 सालों से ही बोइंग के टायर का रिप्लेसमेंट ढूंढा जा रहा था। इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने बताया कि सुखोई के टायरों का डायमीटर बोइंग के टायर्स से मिलता-जुलता है, इस वजह से इस साल सुखोई के पहिए लगाने का फैसला लिया गया है। हालांकि, अब बोइंग के टायर्स मिलने काफी मुश्किल भी है। राधारमण ने बताया कि जब इस्कॉन ने सुखोई बनाने वाली कंपनी से टायर को लेकर कोटेशन मांगा तो कंपनी हैरान रह गई। कंपनी को यह समझ नहीं आ रहा था कि कोई क्यों उनके टायरों का कोटेशन मांग रहा है और वह भी रथ यात्रा के लिए। इसके बाद, इस्कॉन ने कंपनी को पूरी स्थिति की जानकारी दी और उनकी एक टीम को कोलकाता बुलाकर रथ भी दिखाया गया। इसके बाद कंपनी ने इस्कॉन को चार टायर उपलब्ध कराए। फिलहाल इन पहियों को लगाने का कार्य जारी है। इस्कॉन के प्रवक्ता ने बताया कि इस साल भगवान जगन्नाथ सुखोई की टायरों से सुसज्जित रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे। यह न केवल तकनीकी तौर पर बड़ा बदलाव है, बल्कि परंपरा और आधुनिकता के अनूठे संगम का भी प्रतिक है।

## बजबज में बेपरवाह ट्रक ने साइकिल सवार को कुचला, चालक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**




दक्षिण 24 परगना के बजबज में जमाईषष्ठी के दिन एक भयंकर सड़क दुर्घटना में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक का नाम राजीब मोल्ला है। मृतक राजीब मोल्ला नोदाखाली थाना क्षेत्र के बावाली इलाके के रहने वाले थे और बताया गया है कि वह सुबह पांच बजे काम पर जाने के लिए साइकिल चला रहे थे। इस दौरान बजबज टैंक रोड पर क्वीन सिनेमा पंप के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने अचानक साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर के कारण ट्रक पलट गया और पास ही मौजूद पंप की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसा। इस हादसे में साइकिल सवार राजीब मोल्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची बजबज थाने की पुलिस ने घायल को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद बजबज टैंक रोड पर यातायात घंटों तक ठप रहा। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## सागर ब्लॉक को स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य सरकार से मिली मान्यता



**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के सागर ब्लॉक ने स्वच्छता के मानकों में पहला स्थान प्राप्त कर राज्य सरकार से विशेष मान्यता हासिल की है। यह क्षेत्र न केवल 'निर्मल ग्राम' के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, बल्कि 100 प्रतिशत स्वच्छता की दिशा में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर चुका है। इस उपलब्धि को लेकर गंगासागर द्वीप के निवासी अत्यंत उत्साहित हैं।

हर वर्ष मकर संक्रांति के समय गंगासागर मेला में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए यहां आते हैं। इतने बड़े आयोजन के दौरान उत्पन्न अपार कचरे को सही ढंग से निपटाना और पुन: उपयोग योग्य बनाना सागर ब्लॉक प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है, जिसे उन्होंने पिछले कई वर्षों से सफलतापूर्वक निभाया है।

साफ-सफाई को लेकर चलाए जा रहे इन प्रयासों के लिए इस वर्ष सागर ब्लॉक को राज्य सरकार के पंचायत विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार सागर के बीडीओ (ब्लॉक समष्टि विकास अधिकारी) कनैया कुमार राव को प्रदान किया गया। उन्होंने इस सम्मान को ब्लॉक की पूरी टीम और स्वनियोजित महिला समूहों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया।

कनैया कुमार राव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष राज्य के लोक स्वास्थ्य तकनीकी विभाग के साथ मिलकर सागर ब्लॉक को एक 'निर्मल ब्लॉक' बनाने के लिए हम विभिन्न कार्य योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। गंगासागर मेले के दौरान ही इस अभियान की शुरुआत हो जाती है, जिसमें कचरे के पुन: उपयोग और संपूर्ण क्षेत्र की सफाई को लेकर विशेष कार्यक्रम चलते हैं।

इसके अलावा, क्षेत्र को स्वच्छ और साफ बनाए रखने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए गए हैं। ब्लॉक के अधिकारी नियमित रूप से स्वनियोजित महिला समूहों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करते हैं कि स्वच्छता की दिशा में हर संभव प्रयास किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि इस पुरस्कार से उन्हें आगे और भी कई परियोजनाओं को अमल में लाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। हर वर्ष राज्य सरकार द्वारा विभिन्न ब्लॉकों को अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया जाता है, और इस वर्ष सागर ब्लॉक को 'स्वच्छ ब्लॉक' के रूप में मान्यता मिलना पूरे द्वीप क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

यह पुरस्कार न केवल बीते वर्षों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि आने वाले समय में और भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी है।

### हावड़ा-एसएमवीटी द्रुंतो में औचक जांच, बिना टिकट सफर कर रहे 25 यात्री पकड़े गए



**हावड़ा :** हावड़ा से एसएमवीटी (बेंगलुरु) जा रही द्रुंतो एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12245) में रविवार को खड़गपुर मंडल के टिकट जांच अधिकारियों की टीम ने एक सरप्राइज टिकट जांच अभियान चलाया। यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक निशांत कुमार और सहायक वाणिज्य प्रबंधक संजीव कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने हावड़ा से भुवनेश्वर तक ट्रेन में गहन जांच की, जिसमें बिना टिकट या अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे कुल 25 यात्रियों को पकड़ा गया। नियमों के अनुसार इन सभी यात्रियों से कुल 76,700 का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, फर्जी पीएनआर पर यात्रा कर रहे कई यात्रियों को भी जांच के दौरान पकड़ा गया और भुवनेश्वर स्टेशन पर उतारकर उन्हें वहां के टिकट जांच अधिकारियों को सौंप दिया गया ताकि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके। टीम द्वारा इस दौरान ट्रेन में अवैध वेंडिंग की गतिविधियां भी पकड़ी गईं। इस पर संबंधित व्यक्तियों से 12,500 का जुर्माना वसूला गया।

# कुआलालंपुर दौरे पर टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने भारत-मलेशिया संबंधों को दी नई दिशा



**कुआलालंपुर/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी का कुआलालंपुर (मलेशिया) दौरा कई महत्वपूर्ण कूटनीतिक और सांस्कृतिक पड़ावों से होकर गुज़रा। उनके इस दौरे की शुरुआत हुई भारत के उच्चायुक्त बी.एन. रेड्डी के साथ एक उपयोगी बैठक से। इस मुलाकात में भारत-मलेशिया संबंधों और क्षेत्रीय परिदृश्य के बदलते स्वरूप पर व्यापक चर्चा हुई, जिसने आगे के राजनयिक संवाद के लिए एक सशक्त पृष्ठभूमि तैयार की।

इसके पश्चात अभिषेक बनर्जी ने ब्रिकफील्ड्स स्थित भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक को यह श्रद्धांजलि एक गहरे भावनात्मक क्षण के रूप में सामने आई। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के एक पूर्व सेनानी और बालक सेना के सदस्य रहे श्री एस.पी. नारायणसामी से भी भेंट की। नारायणसामी की दृढ़ता और राष्ट्रभक्ति ने नेताजी के आदर्शों की अमिट छवि को पुनः जीवंत कर दिया।

मलेशिया में भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ उनका संवाद भी बेहद फलदायी रहा। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को लोकतंत्र, विविधता और एकता जैसे भारतीय मूल्यों को बनाए रखने और वैश्विक मंच पर भारत की सकारात्मक छवि को सशक्त करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके बाद अभिषेक बनर्जी ने तोराणा गेट का दौरा किया, जो भारत-मलेशिया मित्रता का प्रतीक है। हिंदू और बौद्ध वास्तुकला से प्रेरित यह भव्य द्वार दोनों देशों की सांझा सभ्यता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रमाण है।

दौरे के दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रमुख मीडिया घरानों और सोशल मीडिया प्रभावशाली हस्तियों से भी मुलाकात की। इस बातचीत में उन्होंने अपने दौरे के उद्देश्य, मलेशियाई अधिकारियों के साथ हुई बैठकों, और आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस नीति पर प्रकाश डाला।

दिन का समापन अभिषेक बनर्जी ने पेटालिंग जया स्थित रामकृष्ण मिशन के दौरे के साथ किया। यह ऐतिहासिक संस्था श्रीरामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर आधारित है। उन्होंने मिशन के शिक्षा, आध्यात्मिक विकास और सामाजिक सेवा के कार्यों की सराहना की और कहा कि बंगाल के इन महान नेताओं की दूरदृष्टि आज भी सीमाओं के पार लोगों को प्रेरित कर रही है।

अभिषेक बनर्जी का यह दौरा भारत और मलेशिया के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## निजी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले में भ्रष्टाचार के मामले में 12.33 करोड़ रुपये की बैंक जमा जब्त

❑ **अब तक 23.67 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के मिले हैं सुबूत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** एनआरआई कोटे के तहत निजी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले में भ्रष्टाचार के मामले में 12.33 करोड़ रुपये की बैंक जमा जब्त की गई है। ईडी सूत्रों का दावा है कि जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार दो व्यक्तियों और चार मेडिकल कॉलेजों की बैंक जमा भी जब्त की गई है। जांचकर्ताओं ने बताया कि राज्य में करीब 18 निजी मेडिकल कॉलेजों और उनके अधिकारियों के घरों पर तलाशी अभियान चलाया गया है। इनमें से कोलकाता और आसपास के इलाकों के चार मेडिकल कॉलेजों ने पिछले नौ सालों में फर्जी दस्तावेजों के जरिए एनआरआई कोटे के तहत सबसे ज्यादा छात्रों को दाखिला दिया है। जांचकर्ताओं का दावा है कि कुछ को फर्जी दस्तावेजों के जरिए 3 से 4 करोड़ रुपये में भी एनआरआई कोटे के तहत एमबीबीएस में दाखिला दिलाया गया। अब तक 23.67 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के सुबूत मिले हैं। जांच में पता चला है कि भ्रष्टाचार का काला धन कई मेडिकल कालेज अधिकारियों या दाखिले से जुड़े अधिकारियों के नाम पर बैंक में गुमनाम तरीके से जमा किया गया था। इसे फिलहाल जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा उन मेडिकल कालेज के अधिकारियों और कर्मचारियों के करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों में भी धोखाधड़ी का पैसा जमा किया गया था। फर्जी दस्तावेज मुख्य रूप से अमेरिका में अनिवासी भारतीयों के नाम पर बनाए गए थे। अनिवासी कोटे में दाखिले के लिए फर्जी दस्तावेजों की पुष्टि के बाद मामले की सूचना देश के विदेश मंत्रालय को भी दी गई थी। जांचकर्ताओं के मुताबिक जिन अनिवासी भारतीयों के नाम पर फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे, उनसे संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जांच में पता चला है कि विभिन्न एजेंटों के जरिए लाखों रुपये के बदले में वे फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे। तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न एजेंटों के पास से फर्जी मुहर समेत फर्जी दस्तावेज बनाने के कई उपकरण बरामद किए गए हैं। ईडी के सूत्रों का दावा है कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए पहले अनिवासी कोटे के तहत एमबीबीएस में और फिर उसी कोटे के तहत एमडी या अन्य उच्च चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया गया। उसमें भी बड़ी मात्रा में पैसों का लेन-देन हुआ था। जांचकर्ताओं का दावा है कि बंगाल के अलावा ओडिशा के कुछ निजी मेडिकल कालेजों में भी भ्रष्टाचार का जाल फैला हुआ है।

# अहिल्याबाई से प्रेरित भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हवाई रक्षा प्रणाली को ध्वस्त किया: मुख्यमंत्री योगी

**आगरा/लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए और आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से 'सर्जिकल स्ट्राइक' और हवाई हमले करती है। वह रविवार को यहां 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025' के तहत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करती है। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर मालवा साम्राज्य की महारानी थीं, जिसका विस्तार मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों तक था। मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब देवी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरुद्धार का महान कार्य किया। उन्होंने इस समारोह को लोकमाता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक माध्यम बताया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आगरा में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के कार्यों से प्रेरित होकर 'डबल इंजन' की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है।



## उपराष्ट्रपति ने की योगी आदित्यनाथ की अहिल्याबाई होल्कर से तुलना

**आगरा (उप्र) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना राजमाता अहिल्याबाई होल्कर से करते हुए रविवार को कहा कि अहिल्याबाई की सोच 'विधि की रचना' की तरह आदित्यनाथ में आ गई है और आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के कार्यों को उसी तरह याद करेंगी जैसे हम आज लोकमाता अहिल्याबाई के कामों की करते हैं। धनखड़ ने अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जयंती वर्ष के स्मृति अभियान के तहत यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती महज एक तारीख या ऐतिहासिक घटना नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह हम सबके लिए जीवन दर्शन है। उस कठिन समय में वह महान भारत की परंपरा की प्रतिनिधि थीं जहां धर्म, संस्कृति और शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते थे।' उन्होंने कहा, 'लोकमाता अहिल्याबाई ने मंदिर बनवाए। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। ऐसे मौके पर मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदर्भ में भी कहना चाहूंगा जो लोक माता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, उत्तर प्रदेश के आज के मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या और सभी जगह काम हुआ। आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के इस काम को उसी तरीके से स्मरण करेंगी, जिस तरीके से हम आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हैं।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### अयोध्या में राम पथ समेत कई मार्गों पर मांस की बिक्री प्रतिबंधित करने की कार्रवाई शुरू

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या जिला प्रशासन ने यहां राम पथ, धर्म पथ और 14 कोसी तथा पंचकोसी परिक्रमा मार्ग सहित महत्वपूर्ण धार्मिक मार्गों पर मांस की बिक्री प्रतिबंधित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानिक चंद ने पुष्टि की कि यह मुद्दा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में उठाया गया, जिस दौरान राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और 14 कोसी मार्ग पर स्थित मांस की दुकानों के बारे में विशेष रूप से शिकायत की गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद, इन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के लिए एक टीम बनाई गई। उन्होंने बताया कि इन निर्दिष्ट धार्मिक मार्गों पर मांस की 22 दुकानें संचालित होती पाई गईं। चंद ने कहा, मांस की दुकानों के मालिकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और उन्हें अपनी दुकानों को कहीं और स्थानांतरित करने के लिए सात दिन की समय सीमा दी गई है। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार: दुष्कर्म पीड़िता की पटना के अस्पताल में मौत

**पटना :** बिहार के मुजफ्फरपुर में दुष्कर्म के बाद जीवन के लिए संघर्ष कर रही एक नाबालिग लड़की की रविवार को एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नाबालिग लड़की के साथ 26 मई को मुजफ्फरपुर स्थित उसके गांव में दुष्कर्म किया गया था और उसे शनिवार को गंभीर हालत में पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) लाया गया था। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि पीएमसीएच स्थानांतरित की गई दुष्कर्म पीड़िता को शनिवार को कथित तौर पर अस्पताल में बिस्तर उपलब्ध न होने के कारण कई घंटे तक एम्बुलेंस में इंतजार करना पड़ा। कांग्रेस नेता राजेश राम ने दावा किया कि घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो सरकार और अस्पताल प्रशासन की असंवेदनशीलता को उजागर करता है। 'पीटीआई-भाषा' वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका।

### राजस्थान पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में पांच फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया

**जोधपुर :** राजस्थान में अफीम और चूरा पोस्त की तस्करी समेत विभिन्न मामलों में वांछित एवं कई वर्षों से फरार पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विकास कुमार ने बताया कि पांचों आरोपियों को देश के विभिन्न हिस्सों से पकड़ा गया और उन पर कुल 1.20 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि उन पांचों में से एक आरोपी भागीरथ राम पर पांच हजार रुपये का इनाम था और वह पिछले सात साल से फरार था। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसका साथी एवं बाड़मेर जिले में बीएड कॉलेज का संचालक दिनेश भी पकड़ा गया, जो तस्करों को पनाह और सहायता प्रदान करता था। पुलिस के मुताबिक, भागीरथ को उसकी पत्नी और ससुराल के लोगों ने अपराध जगत में लाया था। वह गोवा में पकड़ा गया, जहां उसने शराब का कारोबार शुरू किया था।

### राजस्थान के सरिस्का में चार और शावकों का जन्म, बाघों की संख्या बढ़कर हुई 48

**जयपुर :** राजस्थान के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया, जिससे इस अभयारण्य में बाघों की कुल संख्या बढ़कर 48 हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इन शावकों के जन्म के साथ ही राजस्थान में बाघ संरक्षण प्रयासों के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है। वन विभाग ने 'कैमरा ट्रैप' से ली तस्वीरों और अभयारण्य के बरेली बारी क्षेत्र में गश्त के माध्यम से बाघिन एसटी-19 के शावकों के जन्म की पुष्टि की। यह सरिस्का में एक वर्ष के भीतर चार शावकों को जन्म देने वाली तीसरी बाघिन है, इससे पहले एसटी-12 और एसटी-22 ने भी चार-चार शावकों को जन्म दिया था। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने 'एक्स' पर इसे (शावकों के जन्म को) क्षेत्र में बाघ संरक्षण प्रयासों के लिए आशाजनक संकेत बताया। शर्मा ने पोस्ट में कहा, सरिस्का बाघ अभ्यारण्य से खुशखबरी। बाघिन एसटी-19 को पहली बार चार स्वस्थ शावकों के साथ देखा गया।

## पंजाब और हरियाणा में भीषण गर्मी का दौर जारी



### बठिंडा में अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस

**चंडीगढ़ :** पंजाब और हरियाणा में रविवार को भी गर्मी का प्रकोप जारी रहा और बठिंडा में अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया पंजाब के पटियाला में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लुधियाना में अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अमृतसर में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। पठानकोट में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस और गुरदासपुर में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा के अंबाला में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि हिसार में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस रहा। सिरसा में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा और रोहतक में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों की राजधानी चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सजा सुनाए जाने के बाद अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म

**लखनऊ :** नफरत भरा भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। मऊ सदर सीट से सुभासपा के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनायी थी। इस बीच, सुभासपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'वह (अब्बास अंसारी) पार्टी के विधायक हैं। अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।'



अभियोजन पक्ष के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह के मुताबिक इस मामले में अंसारी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 189 (लोक सेवक को क्षति पहुंचाने की धमकी), 153 ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास और भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव को बिगाड़ना), 171 एफ (चुनाव में अनुचित प्रभाव डालना) और 506 (आपराधिक धमकी देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। सिंह के अनुसार विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश के.पी. सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को अब्बास अंसारी को दोषी ठहराया और धारा 189 तथा 153ए के तहत दो-दो साल, धारा 506 के तहत एक साल और धारा 171 एफ के तहत छह महीने कैद की सजा सुनायी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अंसारी पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## गद्दारों ने तेजस्वी और मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की : राजद से निष्कासन पर बोले तेजप्रताप

**पटना :** अपने पिता लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाल ही में निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। तेजप्रताप यादव ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, बस मेरे भाई भरोसा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं, फिलहाल दूर हूं, लेकिन मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह है अंदर भी और बाहर भी। लालू प्रसाद और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने इससे पहले एक अन्य पोस्ट में लिखा था, मेरे प्यारे मम्मी पापा.... मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है।



## पंजाब: लुधियाना पश्चिम उपचुनाव से पहले आप नेता करवाल कांग्रेस में शामिल

**लुधियाना (पंजाब) :** पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को लुधियाना पश्चिम विधानसभा उप-चुनाव से पहले झटका लगा है क्योंकि उसके नेता कमलजीत सिंह करवाल रविवार को दो पूर्व पार्षदों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। लुधियाना जिले की आत्मनगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ने वाले करवाल पूर्व पार्षद गुरप्रीत सिंह गोपी गिल और रंजीत सिंह उब्बी के साथ विपक्षी पार्टी में शामिल हो गए। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में उन्हें पार्टी में शामिल किया गया तथा इसमें पूर्व मंत्री राणा गुरजीत सिंह और भारत भूषण आशु सहित अन्य ने हिस्सा लिया। आशु लुधियाना पश्चिम सीट से कांग्रेस उम्मीदवार हैं। करवाल, गिल और उब्बी का पार्टी में स्वागत करते हुए चन्नी ने कहा कि यह स्पष्ट हो चुका है कि आप से नेताओं और कार्यकर्ताओं का पलायन शुरू हो गया है और इस पार्टी की हार तय है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर उपचुनावों के दौरान विपक्षी दलों के लोग सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो जाते हैं। उन्होंने कहा, 'लेकिन यहां तो उल्टा हो रहा है, क्योंकि लोगों को एहसास हो गया है कि आप खत्म होने वाली है और कांग्रेस वापसी की राह पर है।' लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए कांग्रेस की प्रचार समिति के अध्यक्ष राणा गुरजीत ने कहा कि आने वाले दिनों में कई और लोग पार्टी में शामिल होंगे। इस अवसर पर करवाल ने कहा कि यह उनके लिए घर वापसी है।

## यूपी में अब्बास अंसारी के पहले भी आजम खान समेत कई विधायक अयोग्य ठहराए जा चुके

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अयोग्य ठहराये गये विधायकों की सूची में शामिल होने वालों में नया नाम मऊ विधानसभा क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी का है। अंसारी से पहले भी आजम खान समेत कई विधायक अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि गैंगस्टर से नेता बने और पांच बार मऊ से विधायक रहे दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को भड़काऊ भाषण मामले में दो साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि 31 मई से विधानसभा में अब्बास अंसारी का स्थान रिक्त हो गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत, यदि अदालत किसी सदस्य को दो साल या उससे अधिक की सजा सुनाती है तो विधानसभा की सदस्यता समाप्त करने का प्रावधान है। अब्बास अंसारी समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) के टिकट पर मऊ सदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर 2022 में पहली बार विधायक बने थे। सुभासपा वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की सहयोगी है और पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर राज्य में पंचायती राज मंत्री हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा की वेबसाइट के अनुसार 18वीं विधानसभा में राज्य के अन्य अयोग्य विधायक समाजवादी पार्टी (सपा) के आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान (सपा), हाजी इरफान सोलंकी (सपा के), विक्रम सिंह (भाजपा के) और रामदुलार (भाजपा के) हैं। सपा के नेता आजम खान को अक्टूबर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जब एक अदालत ने उन्हें 2019 के भड़काऊ भाषण मामले में तीन साल जेल की सजा सुनाई थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में रामपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। आजम खान के बेटे एवं सपा के विधायक अब्दुल्ला आजम खान को फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था और कुछ दिन पहले एक अदालत ने उन्हें 15 साल पुराने एक मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई थी। उन्होंने विधानसभा में रामपुर जिले के स्वार का प्रतिनिधित्व किया था। सपा विधायक इरफान सोलंकी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जब उन्हें, उनके छोटे भाई और तीन अन्य को एक महिला की जमीन हड़पने के प्रयास में उसके घर में आग लगाने के सिलसिले में सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने कानपुर में सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। भाजपा विधायक विक्रम सिंह सैनी को 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के एक मामले में दो साल के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अक्टूबर 2022 से उत्तर प्रदेश विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सैनी मुजफ्फरनगर के खतौली से विधायक थे।



### व्यापारी के उत्पीड़न के 12 साल पुराने मामले में पूर्व एसएचओ समेत 10 पुलिसकर्मियों के खिलाफ वारंट

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या की एक विशेष अदालत ने दलित व्यापारी राजकुमार सोनकर को थाने में कथित तौर पर परेशान करने और पीटने से जुड़े 12 साल पुराने एक मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) समेत 10 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने निर्देश दिया है कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और 20 जून, 2025 को अदालत के समक्ष पेश किया जाए। अयोध्या जिले की अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) अदालत की विशेष न्यायाधीश शिवानी जैसवाल ने शुक्रवार को गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किए। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आरोपी पुलिसकर्मियों द्वारा राहत के लिए दायर याचिका खारिज करते हुए उन्हें तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था, जिस आदेश की कथित तौर पर अनदेखी की गई।

## न्यूज अपडेट

### नव नियुक्त डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आभार जताया



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कार्यभार संभालने के ठीक एक दिन बाद रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात के बाद, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर डीजीपी के आधिकारिक हैंडल ने दोनों की एक तस्वीर साझा की। तस्वीर के साथ लिखा है, आज माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से उनके सरकारी आवास, 5-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसमें कहा गया है, उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। उन्होंने पोस्ट में कहा, उनके (योगी) मार्गदर्शन और आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं-अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस', महिला सुरक्षा, नागरिक केंद्रित पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था की उत्कृष्टता को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1991 बैच के अधिकारी कृष्ण ने शनिवार को उप्र पुलिस मुख्यालय में अपने पूर्ववर्ती प्रशांत कुमार से औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया।

### मानसून सत्र के दौरान विपक्ष को सवाल पूछने का मिलेगा मौका: शेखावत



जोधपुर : केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर विपक्षी दलों की ओर से संसद का विशेष सत्र बुलाने को लेकर की जा रही मांग के बीच रविवार को कहा कि मानसून सत्र के दौरान विपक्षी नेताओं के पास सवाल पूछने के लिए पर्याप्त अवसर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और मानसून सत्र कुछ सप्ताह बाद शुरू होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने हालांकि इस बात पर संदेह जताया कि क्या विपक्षी दल जवाब मांगने का इरादा रखते हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित प्रमुख उन राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से बात की है, जिन्हें विपक्षी नेता उठा रहे हैं। कांग्रेस ने रविवार को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान की टिप्पणियों के मद्देनजर सैन्य और विदेश नीति रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की। कांग्रेस ने यह भी कहा था कि सरकार सभी दलों व राष्ट्र को विश्वास में ले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने रविवार को मीडिया से कहा कि भारत की संसदीय प्रणाली में पहले से ही लोकसभा व राज्यसभा, दोनों में मुद्दों को उठाने और जवाब मांगने के लिए अच्छी तरह से स्थापित प्रक्रियाएं हैं।

### अमृतसर में आतंकवाद और जबरन वसूली मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो व्यक्ति गिरफ्तार: पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने रविवार को दावा किया कि उसने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब के सीमावर्ती जिलों में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था जो व्यक्तियों को निशाना बनाता था। उन्होंने बताया कि उसके दो साथियों वेरोवाल निवासी करजप्रीत सिंह और तरनतारन के गोइंदवाल साहिब निवासी गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस दलों ने .30 बोर की एक पिस्तौल और एक कारतूस भी जब्त किया है। डीजीपी ने कहा कि फौजी ने पिस्तौल करजप्रीत और गुरलाल सिंह को दी थी और उन्हें अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की एक दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि गोलीबारी की उक्त घटना जबरन वसूली के प्रयास का हिस्सा थी, जिसमें जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। डीजीपी ने कहा कि आतंकवादी नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त करने के लिए मामले में आगे की जांच की जा रही है। अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने परिचालन विवरण साझा करते हुए कहा कि दोनों आरोपियों को तरनतारन और फाजिल्का के इलाकों से एक खुफिया अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया।

## ममता कुलकर्णी ने संभल के कल्कि धाम में शिला दान किया



**संभल (उप्र) :** अध्यात्म जगत में आई पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने रविवार को संभल में कल्कि धाम का दौरा किया। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनने और फिर विवादों से सुर्खियों में आईं कुलकर्णी ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ एक शिला दान समारोह में भाग लिया। कुलकर्णी ने बाद में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अपनी आध्यात्मिक यात्रा और कल्कि धाम परियोजना के महत्व के बारे में बताया। कुलकर्णी ने कहा, मैं आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा कल्कि धाम के सुंदर कार्य को करने के संकल्प पर गर्व महसूस करती हूं। मुझे यहां एक शिला दान करने का सौभाग्य मिला। शायद यह मेरे पिछले जन्म के कुछ अच्छे कर्मों का परिणाम है कि मुझे इस जन्म में यह अवसर मिला है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ध्यान की अवस्था में कल्कि के अवतार को देखा था।

## विकसित कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती: शिवराज सिंह चौहान




**मेरठ/लखनऊ :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि विकसित कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत रविवार को मेरठ जिले के दबथुआ विकासखण्ड सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में हिस्सा लिया। चौहान ने अभियान के चौथे दिन उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और दबथुवा और जंगेठी गांवों में चारपाई पर बैठकर किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के उपाय सुझाए। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर देश के हर किसान को सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि खेती के क्षेत्र में सिंह से बड़ी प्रेरणा कोई नहीं हो सकती। चौहान ने यह भी बताया कि 29 मई को जब यह अभियान शुरू हुआ, तब सिंह की पुण्यतिथि भी थी।

# पंजाब किंग्स ने मुंबई को पांच विकेट से हराया, फाइनल में बनाई जगह



**अहमदाबाद :** कमान श्रेयस अय्यर के नाबाद अर्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स ने क्वालिफायर-2 मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 203 रन बनाए थे, जवाब में पंजाब ने श्रेयस की दमदार अर्धशतकीय पारी की मदद से 19 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस मैच में बारिश ने बाधा डाली जिस कारण मैच दो घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ। मैच में टॉस हो गया था, लेकिन मैच शुरू होने से ठीक पहले बारिश हुई जिस कारण मुकाबला देरी से शुरू हुआ। हालांकि, ओवरों में कटौती नहीं गई थी। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया। टीम ने एलिमिनेटर में गुजरात को हराया था, लेकिन हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम क्वालिफायर-2 की बाधा पार नहीं कर सकी। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने 72 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद श्रेयस और नेहाल वढ़ेरा ने साझेदारी निभाई और चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। श्रेयस ने इस दौरान 27 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस और वढ़ेरा के बीच साझेदारी को अश्विनी कुमार ने वढ़ेरा को आउट कर तोड़ा जो 48 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, श्रेयस क्रीज पर टिके रहे और उन्होंने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। श्रेयस 41 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स के लिए प्रियांश आर्या ने 20, जोश इंग्लिस ने 38 और प्रभसिमरन सिंह ने छह रन बनाए। शशांक सिंह दो रन बनाकर आउट हुए, जबकि स्टोइनिस दो रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की ओर से अश्विनी कुमार को दो विकेट मिले, जबकि ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पांड्या को एक-एक विकेट मिला।



## मुक्केबाजी : दीपक, नमन को स्वर्ण, भारत को थाईलैंड ओपन में आठ पदक





**बैंकॉक:** दीपक और नमन तंवर ने थाईलैंड ओपन में अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारतीय मुक्केबाजों की झोली में कुल आठ पदक इस टूर्नामेंट में गिरे। दीपक ने 75 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान के अब्दुरखिमोव जावोखिर को 5-0 से हराया जबकि नमन ने चीन के हान शुझेन को 90 किलो फाइनल में 4-1 से मात दी। महिलाओं के 80 प्लस किलो वर्ग में किरण को कजाखस्तान की येलडाना टालिपोवा ने 3-2 से हराया जिससे उन्हें रजत से ही संतोष करना पड़ा। तमन्ना (51 किलो), प्रिया (57 किलो), संजू (60 किलो), सनेह (70 किलो) और एल राल्टे (80 किलो) को कांस्य पदक मिले। भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय दल भेजा था। अब इस महीने के आखिर में भारतीय मुक्केबाज कजाखस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप के दूसरे चरण में भाग लेंगे। इसका फाइनल्स इस साल के आखिर में दिल्ली में होगा।

## हैंस, मूसली ने भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस को पांच विकेट पर 413 रन तक पहुंचाया

**कैंटरबरी :** टॉम हैंस के नाबाद 171 रन की मदद से इंग्लैंड लायंस ने मुकेश कुमार के दिये झटकों से उबरते हुए भारत ए के खिलाफ अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को चाय तक पांच विकेट पर 413 रन बना लिये। हैंस ने छठे विकेट की अटूट साझेदारी में डैन मूसली (48) के साथ 144 रन जोड़ लिये हैं। दूसरे सत्र में भारत ए के गेंदबाजों को एक भी विकेट नहीं मिला। अब तक 271 गेंद खेल चुके हैंस और इंग्लैंड के लिये तीन वनडे तथा चार टी20 खेल चुके मूसली ने भारतीय आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए मैदान के चारों ओर रन बनाये। इससे पहले तेज गेंदबाज मुकेश के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर ले लिये थे।मुकेश ने मैक्स होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाये। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए। अहमद ने दूसरी स्लिप में सरफराज खान को कैच दिया। इंग्लैंड लायंस ने 14 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिये। इससे पहले हैंस और गोल्डन ने तीसरे विकेट के लिये 181 रन जोड़े थे। इंग्लैंड के पूर्व अंडर 19 कप्तान होल्डन ने 99 गेंद में शतक पूरा किया। भारत के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन के शिष्य हैंस ने जबर्दस्त बल्लेबाजी की और अभी भी क्रीज पर डटे हुए हैं।

## बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर



**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गये। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही। बोपन्ना और पावलासेक इसके बाद अपनी सर्विस को भुनाने में सफल रहे लेकिन प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की सर्विस को ब्रेक करने में नाकाम रहे। बोपन्ना ने दूसरे सेट में शानदार शुरुआत कर अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना पहले गेम को अपने नाम किया। बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी के पास दूसरे सेट में उस समय बढ़त को बड़ा करने का मौका था जब वे 3-2 से आगे थे।

## न्यूज अपडेट

### भारत की कई अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों की मार्गदर्शक कोच प्रतिमा का निधन



**रांची :** भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान सलीमा टेटे समेत कई अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मार्गदर्शक रही कोच प्रतिमा बर्वा का यहां रविवार को एक अस्पताल में निधन हो गया। प्रतिमा सिर्फ सलीमा ही नहीं बल्कि ब्यूटी डुंगडुंग और संगीता कुमारी जैसी झारखंड की कई खिलाड़ियों की मार्गदर्शक रहीं। उन्हें लकवा मारने के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह वेंटिलेटर पर थीं जब उन्होंने दम तोड़ा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक जताते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'हॉकी कोच प्रतिमा बर्वा जी के असामयिक निधन से काफी दुखी हूं। वह झारखंड की मेहनती बेटियों की रोल मॉडल थीं। उनके निधन से सिर्फ प्रदेश की नहीं बल्कि भारतीय हॉकी को अपूरणीय क्षति हुई है।' हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने भी उनके निधन पर शोक जताया।

### फ्रांस में चैम्पियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत, एक पुलिस अधिकारी कोमा में

**पेरिस:** पेरिस सेंट जर्मेन की चैम्पियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल का सबसे बड़ा खिताब चैम्पियंस लीग जीता। इसके जश्न में एफिल टॉवर को टीम की जर्सी के रंगों में रंग दिया गया जबकि प्रशंसक पूरे रात जश्न मनाते रहे। विजयी टीम ने हिंसा की निंदा करते हुए एक बयान में कहा, 'यह खिताब सामूहिक जश्न का पल होना चाहिये। हिंसा की ये घटनायें क्लब के मूल्यों के विपरीत है।' म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना अपनी मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी



**नयी दिल्ली :** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा, 'यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।' यह अकादमी युवा प्रतिभा को पोषित कर उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने की लवलीना की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है। कांडा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक 'विकसित भारत' की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है। उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं। मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं!

## ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है आरबीआई: विशेषज्ञ

**मुंबई :** मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के विभिन्न उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।

## एलआईसी मार्च तिमाही में रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रुपये के मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रुपये रहा था। बीमा क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी के बाद देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का स्थान है, जिसने चौथी तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। हालांकि, वार्षिक लाभ के मामले में एसबीआई, एलआईसी से आगे रहा। पिछले वित्त वर्ष में एसबीआई ने 70,901 करोड़ रुपये कमाए, जबकि एलआईसी ने 48,151 करोड़ रुपये कमाए। शेयर बाजार पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में कोल इंडिया ने मार्च तिमाही में 9,604 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जिसके बाद पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने 8,358 करोड़ रुपये और एनटीपीसी ने 7,897 करोड़ रुपये कमाए। तेल क्षेत्र में, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने चौथी तिमाही में 7,265 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जिसके बाद ओएनजीसी ने 6,448 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। अन्य केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में आरईसी लिमिटेड ने 4,304 करोड़ रुपये, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (4,143 करोड़ रुपये) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने (1,251 करोड़ रुपये) का शुद्ध लाभ दर्ज किया। एलआईसी के शानदार प्रदर्शन की घोषणा के अगले दिन 28 मई को बीएसई पर इसके शेयर आठ प्रतिशत उछलकर 942.55 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। कारोबार के दौरान यह 8.83 प्रतिशत उछलकर 948 रुपये पर पहुंच गया था। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 45,223.74 करोड़ रुपये बढ़कर 5,96,162.66 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक एलआईसी की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) बढ़कर 54,52,297 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 31 मार्च, 2024 को 51,21,887 करोड़ रुपये थी। यह 6.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती है।




### एयर इंडिया को यात्री, कार्गो कारोबार में भारी उछाल की उम्मीद: सीईओ कैंपबेल विल्सन

नयी दिल्ली : एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा कि उन्हें यात्री और कार्गो खंड में भारी उछाल की उम्मीद है और एयरलाइन भागीदारी के लिए हमेशा तैयार है। एयर इंडिया अपने विमानों को उन्नत करने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार करने और नेटवर्क का विस्तार करने पर काम कर रही है। टाटा समूह ने जनवरी 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। विल्सन ने कहा कि वह एयरलाइन की प्रगति से बहुत खुश हैं, हालांकि अभी और काम करना बाकी है। एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'जब आप बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, तो ऐसी कई चीजें होती हैं, जिनके लिए हमें खुद को साबित करने के लिए काम करना पड़ता है... लक्ष्य बहुत स्पष्ट है और इसमें जरा भी बदलाव नहीं हुआ है।' विल्सन ने कहा कि एयरलाइन को यात्री और कार्गो व्यवसाय दोनों खंडों में बहुत अधिक संभावनाएं दिखाई दे रही हैं।

## इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम, वर्जिन अटलांटिक ने साझेदारी की घोषणा की




**नयी दिल्ली :** एयरलाइन कंपनियों इंडिगो, डेल्टा एयर लाइन्स, एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक ने रविवार को भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए साझेदारी की घोषणा की। बयान के अनुसार, अमेरिका, कनाडा, यूरोप और भारत के दर्जनों शहरों को जोड़ते हुए, एयरलाइन कंपनियों का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करना है, साथ ही वैश्विक विमानन में संपर्क और सहयोग के लिए नए मानक स्थापित करना है। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार कर रही है और चालू वित्त वर्ष में 10 विदेशी शहरों के लिए उड़ानें शुरू करने की तैयारी में है। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स, डेल्टा एयरलाइन्स के सीईओ एड बास्टियन, एयर फ्रांस-केएलएम के सीईओ बेंजामिन स्मिथ और वर्जिन अटलांटिक के सीईओ शाई वीस ने इस साझेदारी की घोषणा राष्ट्रीय राजधानी में संयुक्त रूप से की। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। इंडिगो 2022 से एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के साथ साझेदारी में है। इस बीच, रविवार को घोषित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय आधार पर एयरलाइनों के बीच गहन सहयोग के लिए एक रूपरेखा तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, एयरलाइंस नेटवर्क, लॉयल्टी, कार्गो और बिक्री सहित वाणिज्यिक सहयोग पर भी विचार करेंगी। बयान में कहा गया है कि वे विमान रखरखाव, स्थिरता, प्रशिक्षण और जमीनी रख-रखाव सहित गैर-वाणिज्यिक सहयोग के क्षेत्रों की भी खोज करेंगे। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि कंपनी ने 2030 तक वैश्विक एयरलाइन बनने की महत्वाकांक्षी यात्रा शुरू कर दी है। संयुक्त बयान में, डेल्टा एयर लाइन्स के सीईओ एड बास्टियन ने कहा कि वाहक आने वाले वर्षों में भारत के लिए उड़ानें फिर से शुरू करेगा।

## न्यूज अपडेट

### महिंद्रा एंड महिंद्रा की वाहन बिक्री मई में 17 प्रतिशत बढ़कर 84,110 इकाई पर

**नयी दिल्ली :** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की मई में कुल वाहन बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 84,110 इकाई रही है। मुंबई स्थित कंपनी ने रविवार को बताया कि बहुद्देशीय वाहन खंड में, इस दौरान उसने घरेलू बाजार में 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 52,431 वाहन बेचे। यह आंकड़ा पिछले साल के मई माह में 43,218 इकाई रहा था। एमएंडएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)- वाहन खंड नलिनिकांत गोलागुंटा ने कहा, अपने उत्पादों की निरंतर मांग के कारण, हम अपने आईसीई और बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) पोर्टफोलियो में उद्योग-अग्रणी वृद्धि हासिल करने में सक्षम हुए। कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में उसकी ट्रैक्टर बिक्री पिछले महीने 38,914 इकाई रही, जबकि मई, 2024 में यह 35,237 इकाई थी। मई में कुल ट्रैक्टर बिक्री (घरेलू और निर्यात) 40,643 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 37,109 इकाई थी।

### रिजर्व बैंक ने बीते वित्त वर्ष में 353 बैंकों, अन्य विनियमित इकाइयों पर जुर्माना लगाया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है। ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे; जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड; अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश; धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश; सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग; और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। बृहस्पतिवार को जारी आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए।

### रिलायंस इन्फ्रा ने दो साल में 3,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा

**नयी दिल्ली :** अनिल अंबानी के रिलायंस समूह की प्रमुख कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक 155 एमएम गोला-बारूद और संबंधित उत्पादों के निर्यात से 3,000 करोड़ रुपये कमाने का लक्ष्य रखा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। चालू वर्ष में ही कंपनी का 1,500 करोड़ रुपये के गोला-बारूद का निर्यात करने का अनुमान है। सूत्रों ने बताया कि रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने पहले ही 100 करोड़ रुपये तक के गोला-बारूद और संबंधित उत्पादों का निर्यात किया है। कंपनी का भारत में रक्षा उपकरणों के शीर्ष तीन निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य है। रिलायंस के लिए प्रमुख निर्यात बाजार में यूरोपीय संघ (ईयू) के देश शामिल हैं, जो गोला-बारूद की बड़ी मांग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### सरकार ने दो साल में पहली बार एपीएम गैस की कीमत घटाई

**नयी दिल्ली :** सरकार ने वाहन के लिए सीएनजी और रसोई गैस के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत में दो साल में पहली बार कमी की है, जो बेंचमार्क दरों में गिरावट को दर्शाता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) की एक अधिसूचना के अनुसार, नीलामी के बिना सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी को आवंटित विरासती या पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.75 डॉलर से घटाकर 6.41 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) कर दी गई है। अप्रैल, 2023 में सरकार द्वारा इस तरह की गैस की कीमत के लिए एक नया फॉर्मूला लागू करने के बाद से यह पहली कटौती है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3254 अंक 064, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in